NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance
specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 307 लखनऊ, रविवार 05 जुलाई 2026 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## “नागरिक देवो भवः”- पीएम मोदी का संदेश भारत का राष्ट्रहित सर्वोपरि

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया और संशोधित UDAN (उड़े देश का आम नागरिक) योजना लॉन्च की। कॉम्प्लेक्स से रिफाइनरी प्रोडक्शन टैंकरों को हरी झंडी दिखाई। इस कॉम्प्लेक्स को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के तौर पर विकसित किया गया है और प्रधानमंत्री मोदी ने इसी कार्यक्रम में इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। नरेंद्र मोदी ने राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती हुए लगभग 54,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। वहीं, अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में स्थान–स्थान पर इतनी बड़ी मात्रा में लोगों का एकत्र होना, हम सबको आशीर्वाद देना। ये दिखाता है कि भाजपा सरकार के प्रयासों पर आपका विश्वास कितना बुलंद है। मैं इस समर्थन और स्नेह के लिए राजस्थान की माटी का ऋणी हूं। उन्होंने कहा कि ये धरती अनगिनत वीरों के शौर्य की साक्षी रही है। इस रण के कण–कण ने हमें स्वाभिमान को सर्वोपरि रखने की सीख दी है। और व्यक्ति एवं देश का स्वाभिमान तभी ऊंचा रह सकता है, जब वो आत्मनिर्भर हो, दूसरों पर कम से कम निर्भर हो। आज राजस्थान की इस धरती से भारत ने विकसित और आत्मनिर्भर होने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस रिफाइनरी को देश को समर्पित किया गया है। ये रिफाइनरी यहां हजारों लोगों के रोजगार का माध्यम बनेगी। मैं राजस्थान के युवाओं को इस रिफाइनरी की विशेष तौर पर बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज का दिन साक्षी है कि भाजपा सरकारें परियोजनाओं को सिर्फ



शिलान्यास करके नहीं छोड़ती। बल्कि हम उन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भी दिन–रात एक कर देते हैं। दो महीने पहले यहां जो हादसा हुआ, उसके बाद इतनी तेजी से काम पूरा कर लेना भी परिश्रम की पराकाष्ठा का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आप सबने दिखा दिया है कि चुनौती चाहे कितनी भी बड़ी और अप्रत्याशित क्यों न हो, नया भारत अपने संकल्पों से न तो पीछे हटता है और न ही अपनी रफ्तार कम करता है। मोदी ने कहा कि आज ही, जोधपुर में नए एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन किया गया है। ये मारवाड़ में पर्यटन, व्यापार और रोजगार को नई गति देगा। इस कार्यक्रम में जो लोग जोधपुर से जुड़े हैं, मैं उनका विशेष रूप से अभिनंदन करता हूं। जोधपुर से ही आज उड़ान योजना के नए चरण की भी शुरुआत हुई है। इसके तहत छोटे–छोटे शहरों और दूर–दराज के क्षेत्रों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। साथ ही अब जयपुर में मेट्रो का विस्तार भी होने जा रहा है। शेखावाटी क्षेत्र के जल संकट को दूर करने का इंतजार भी अब खत्म होने जा रहा है। मैं इन सभी प्रोजेक्ट्स के लिए राजस्थान के मेरे भाई–बहनों को बहुत बहुत बधाई देता हूं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज राजस्थान की इस धरती से मैं देश के एक और सामर्थ्य की चर्चा करूंगा। आप भी देख रहे हैं कि पश्चिमी एशिया में युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में हाहाकार मचा है, हर देश त्रस्त है। इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया। बड़े–बड़े देश आज ईंधन की किल्लत से जूझ रहे हैं। लेकिन, 21वीं सदी के इस सबसे बड़े ऊर्जा संकट पर 21वीं सदी के नए भारत की इच्छाशक्ति और प्रयास भारी पड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सही फैसले लिए... संकट का समय रहते सटीक आंकलन किया... प्रभावी रणनीति बनाई... भारत के संसाधनों का संतुलित प्रयोग किया। भारत की diplomatic power का सकारात्मक इस्तेमाल किया। और तब जाकर भारत सकंट से उबर पाया है।मोदी ने कहा कि जब सार्वजनिक तौर पर कुछ ताकतें अफवाह और आशंका फैलाने में व्यस्त थी, तब किस `बंसम पर दिनरात काम हो रहा था, किस तरह स्थिति को संभाला जा रहा था। वो मेहनत, वो प्रयास, वो धैर्य, नीतिगत और कूटनीतिक स्तर पर उठाया गया एक–एक संवेदनशील कदम कभी न कभी इतिहास लिखेगा। ये सब अभूतपूर्व है। बहुत अफवाएं फैलाई गई, लोगों को डराया गया, भड़काया गया, राजनीति के खेल खेले गए। लेकिन जिनके इरादे गलत थे, वो सफल नहीं हो पाए। दूर–सुदूर इलाकों में भी छोटी मोटी अड़चनों के अलावा ईंधन सप्लाई में कोई बड़ी चुनौती नहीं आई। अप्रैल से जून के बीच ही अकेले डीजल–पेट्रोल में 75 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का घाटा कंपनियों को सहना पड़ा। और इस घाटे को पूरा करने की जिम्मेदारी सरकारी खजाने से उठाई गई। हमने प्रति लीटर 10 रुपये की excise duty भी कम की और बहुत ज्यादा बोझ जनता पर नहीं पड़ने दिया।उन्होंने कहा कि युद्ध के इसी समय में भारत की दूसरे देशों के साथ दोस्ती बहुत काम आई। जब ये संकट शुरू हुआ था, उससे पहले भारत 25–26 देशों से ईंधन का आयात करता था। लेकिन संकट के समय भारत की कपचसवउंबल का जलवा दिख गया। दूसरे देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध इस संकट की घड़ी में बहुत काम आए। युद्ध के दौरान ही भारत 40 से ज्यादा देशों से ईंधन मंगाने लगा। भारत ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि हमारे लिए राष्ट्रहित और राष्ट्र के नागरिकों का हित सर्वोपरि है। नागरिक देवो भवः हमारा मंत्र है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो लोग भारत को असफल होते देखना चाह रहे हैं, इसके लिए भविष्यवाणी भी करने लग गए थे। वो आज निराशा की गर्त में पड़े होंगे। उन्होंने कहा कि आज, मैं 140 करोड़ देशवासियों का आभार प्रकट करता हूं...

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का लखनऊ में भव्य स्वागत, मुख्यमंत्री योगी ने एयरपोर्ट पर किया अभिनंदन

लखनऊ, (आरएनएस )। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नबीन के पहली बार लखनऊ आगमन पर राजधानी में उनका भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुष्पगुच्छ भेंट कर और भगवा अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों से राष्ट्रीय अध्यक्ष का परिचय भी कराया।दो दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर उत्तर प्रदेश पहुंचे नितिन नबीन के स्वागत के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता, प्रदेश सरकार के मंत्री और संगठन के अनेक पदाधिकारी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। स्वागत के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिला।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सामाजिक माध्यम श्एक्सश पर नितिन नबीन के स्वागत को लेकर संदेश साझा करते हुए लिखा कि प्रभु श्रीराम और लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण की चरणरज से पावन हुई संस्कृति, संस्कार और सृजन की साधना स्थली उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है।एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, भूपेंद्र चौधरी, ए.के. शर्मा, धर्मपाल सिंह, नंद गोपाल गुप्ता श्नंदीश, संजय निषाद, दारा सिंह चौहान और जेपीएस राठौर शामिल रहे।इसके अलावा राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, संजय सेठ और ब्रजलाल, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि





, संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए उपस्थित रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस दो दिवसीय उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान संगठनात्मक बैठकों, जनप्रतिनिधियों के साथ विचार–विमर्श तथा पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## राम जन्मभूमि मंदिर के वित्तीय प्रकरण की फोरेंसिक जांच की मांग, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर स्वतंत्र, वैज्ञानिक और बहु–एजेंसी फोरेंसिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, सार्वजनिक धन की पारदर्शिता और शासन की विश्वसनीयता से जुड़ा है, इसलिए इसकी निष्पक्ष और समयबद्ध जांच आवश्यक है।अजय राय ने अपने पत्र में कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर देश–विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और इसका निर्माण श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान और सहयोग से हुआ है। ऐसे में मंदिर से जुड़े प्रत्येक आर्थिक लेन–देन में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि मंदिर में प्राप्त चढ़ावे की नकदी तथा श्रद्धालुओं द्वारा दान की गई बहुमूल्य वस्तुओं के संबंध में कथित अनियमितताओं के सामने आने के बाद राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की अंतरिम जांच के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई और कुछ कर्मचारियों की गिरफ्तारी भी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच के दौरान सीसीटीवी रिकॉर्ड सीमित रूप में उपलब्ध रहे तथा पुराने रिकॉर्ड उपलब्ध न होने से जांच प्रभावित हुई। उनके अनुसार यदि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का समय पर संरक्षण नहीं किया गया, तो





यह भी गंभीर जांच का विषय है।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र में वर्ष 2021 में मंदिर और उसके आसपास विकास कार्यों के लिए भूमि खरीद में कथित अनियमितताओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उस समय भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाए गए थे कि कुछ भूमि कम समय के भीतर कई गुना अधिक कीमत पर ट्रस्ट को बेची गई। साथ ही निर्माण कार्यों में कथित कमीशनखोरी के आरोप भी सामने आए थे, जिनकी स्वतंत्र जांच की मांग की गई थी।अजय राय ने मुख्यमंत्री से मांग की कि मंदिर की स्थापना से अब तक प्राप्त समस्त नकद चढ़ावे, डिजिटल दान, स्वर्ण, रजत एवं अन्य बहुमूल्य दानों का स्वतंत्र लेखा परीक्षण और भौतिक सत्यापन कराया जाए। उन्होंने दान प्राप्त होने से लेकर बैंक खातों में जमा होने तक पूरे धन प्रवाह की जांच, बैंक खातों, लेखा पुस्तकों, ऑडिट रिपोर्टों, स्टॉक रजिस्टरों और डिजिटल अभिलेखों के फोरेंसिक विश्लेषण की भी मांग की।उन्होंने यह भी मांग की कि मंदिर परिसर, निर्माण कार्यों और विकास परियोजनाओं से संबंधित सभी निविदाओं, अनुबंधों, उप–ठेकों, मापन पुस्तिकाओं, सामग्री खरीद, परिवहन अभिलेखों तथा भूमि क्रय–विक्रय के मामलों में बाजार मूल्य, स्टाम्प मूल्य, भुगतान के स्रोत, आयकर अभिलेख और धन के वास्तविक प्रवाह की भी गहन जांच कराई जाए। उनके अनुसार यदि जांच के दौरान धन शोधन या अपराध से अर्जित धन के संकेत मिलते हैं तो संबंधित एजेंसियां विधि के अनुसार कार्रवाई करें।पत्र में अजय राय ने यह भी सवाल उठाया कि यदि कथित अनियमितताएं लंबे समय तक चलती रहीं, तो आंतरिक नियंत्रण, लेखा परीक्षण और प्रशासनिक निगरानी व्यवस्था कैसे विफल रही। उन्होंने कहा कि यह भी जांच का विषय होना चाहिए कि संबंधित अधिकारियों ने समय रहते सरकार को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और सार्वजनिक धन की पवित्रता का विषय है। इसलिए पूरे मामले की जांच पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष, वैज्ञानिक और समयबद्ध ढंग से कराई जानी चाहिए तथा जांच की प्रगति और निष्कर्षों को यथासंभव सार्वजनिक किया जाना चाहिए।उन्होंने पत्र के अंत में कहा कि यदि उपलब्ध तथ्यों और आरोपों के बावजूद व्यापक एवं स्वतंत्र जांच नहीं कराई जाती है तो जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच नहीं होने दी जा रही है। उन्होंने मांग की कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और किसी भी स्तर पर किसी व्यक्ति को संरक्षण दिए जाने की आशंका समाप्त करने के लिए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए।

## ममता बनर्जी को एक और बड़ा झटका, बंगाल टीएमसी चीफ चंद्रिमा ने सभी पदों से दिया इस्तीफा

एजेंसी।

बंगाल ममता बनर्जी की करीबी सहयोगी चंद्रिमा को मई में विधानसभा चुनावों में TMC को भारी नुकसान होने के बाद पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हार के बाद, ममता ने पार्टी की सभी मौजूदा कमेटियों को भंग कर दिया और संगठन का पुनर्गठन किया। तृणमूल कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई की अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने शनिवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। पार्टी से नेताओं के लगातार बाहर जाने के बीच यह कदम उठाया गया है। ममता बनर्जी की करीबी सहयोगी चंद्रिमा को मई में विधानसभा चुनावों में ज्ड६ को भारी नुकसान होने के बाद पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हार के बाद, ममता ने पार्टी की सभी मौजूदा कमेटियों को भंग कर दिया और संगठन का पुनर्गठन किया। TMC दो गुटों में बंट गई – एक गुट का नेतृत्व ममता बनर्जी कर रही थीं और दूसरे का राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता रिताब्रत बनर्जी। इस बीच, TMC के 28 लोकसभा सांसदों





में से 20 सांसद नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (जो बहुत कम जानी–पहचानी पार्टी है) में शामिल हो गए और केंद्र में BJP के नेतृत्व वाली NDA सरकार को समर्थन देने का वादा किया।

## भारी बारिश से थमी मुंबई की रफ्तार, लोकल ट्रेन की धीमी चाल, कई जहाजो का रूट बदला गया

एजेंसी।

दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने मुंबई और आसपास के जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश और तेज हवाओं की भविष्यवाणी की है, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में सप्ताहांत और अगले सप्ताह की शुरुआत में हल्की बारिश, तूफान और तेज हवाएं चलने की उम्मीद है। जहां मुंबई और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से आने वाले दिनों में भारी बारिश की तैयारी कर रहे हैं, वहीं दिल्ली में अपेक्षाकृत कम शुरुआत के बाद मानसून की गतिविधि में धीरे–धीरे वृद्धि देखने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने मुंबई और आसपास के जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश और तेज हवाओं की भविष्यवाणी की है, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में सप्ताहांत और अगले सप्ताह की शुरुआत में हल्की बारिश, तूफान और तेज हवाएं चलने की उम्मीद है।मुंबई शहर और रायगढ़, ठाणे, पालघर, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में 4 जुलाई से 6 जुलाई के बीच भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि मध्य महाराष्ट्र के सतारा, पुणे और नासिक जिलों के घाट इलाकों में भी मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस दौरान लोकल यात्रा में रुकावट आ सकती है और कुछ हद तक ढांचों को नुकसान भी पहुँच सकता है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, खासकर निचले इलाकों और घाट वाले रास्तों से यात्रा करते समय। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने एक एडवाइजरी में लोगों से सावधानी बरतने और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने को कहा है। विभाग ने आगे बताया कि अगले 24 घंटों तक मुंबई और उसके आस–पास के इलाकों में बारिश जारी रहने की उम्मीद है। कई जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है, जबकि कुछ खास इलाकों में बहुत ज्यादा भारी बारिश भी हो सकती है।मुंबई के पड़ोसी जिलों ठाणे और पालघर में भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया और कई जगहों पर पेड़ गिरने से आम जनजीवन और ट्रैफिक पर असर पड़ा। ठाणे शहर में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे के बीच 65.79 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिससे इस सीजन की कुल बारिश 829.84 मिमी हो गई,

## लालू-राबड़ी को फिर मिली जेड-प्लस सुरक्षा, पिछली कटौती के सियासी बवाल का असर?

एजेंसी। पटना। बिहार सरकार ने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सुरक्षा बहाल करते हुए उन्हें फिर से ईश श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है, जिसमें बुलेटप्रूफ गाड़ी भी शामिल है। यह फैसला उनकी सुरक्षा में पहले की गई कटौती के बाद हुए तीखे राजनीतिक विवाद के मद्देनजर आया है, जहां राजद ने इसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया था। इस कदम से सुरक्षा को लेकर चल रहे राजनीतिक आरोपों पर कुछ हद तक विराम लग सकता है। बिहार सरकार ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को कैटेगरी की सुरक्षा दी है। इससे पहले उनकी सुरक्षा कम कर दी गई थी। उन्हें बुलेटप्रूफ कारें भी दी गई हैं। राज्य सरकार द्वारा समीक्षा के बाद इस जोड़े की सुरक्षा काफी कम कर दी गई थी। इस फैसले से जबरदस्त राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। सांकेतिक विरोध दर्ज कराने के लिए, उन्होंने उन सरकारी सुरक्षाकर्मियों को वापस कर दिया था जो उनकी सुरक्षा के लिए तैनात किए गए थे।RJD ने आरोप लगाया था कि सुरक्षा में कटौती का मकसद विपक्षी नेताओं को निशाना बनाना था। पार्टी का दावा था कि बिहार में छक। सरकार, विपक्षी नेताओं की सुरक्षा कम करके उनके कद को घटाना चाहती थी। बाद में बिहार सरकार ने कहा कि ये बदलाव खतरे के आकलन के आधार पर की गई नियमित समीक्षा का हिस्सा थे। इस कदम के विरोध में लालू यादव के छोटे बेटे, पूर्व डिप्टी CM और बिहार विधानसभा में विपक्ष के मौजूदा नेता तेजस्वी यादव ने भी सरकार से मिली सुरक्षा लौटा दी थी। हालांकि, अधिकारियों ने साफ किया कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया था।लालू यादव और राबड़ी देवी को Z कैटेगरी की सुरक्षा देने का बिहार सरकार का फैसला ऐसे समय में आया है जब यह जोड़ा एक निजी घर में रहने जा रहा है। गुरुवार को राबड़ी देवी पटना में 10, सर्कुलर रोड स्थित सरकारी बंगले को छोड़कर अपने घर चली गईं। यह बंगला लगभग दो दशकों तक उनका आवास और RJD का कैंप ऑफिस रहा था।



वह पूर्व मुख्यमंत्री के तौर पर इस घर में रह रही थीं। राबड़ी देवी से पिछले साल नवंबर में ही इसे खाली करने के लिए कहा गया था, जब राज्य सरकार में नए मंत्रियों को जगह देने की प्रक्रिया के तहत उन्हें एक नया सरकारी आवास आवंटित किया गया था। उस समय अधिकारियों ने कहा था कि बिहार विधान परिषद में विपक्ष की नेता होने के नाते वह एक अलग श्रेणी के आवास की हकदार थीं।

# बंद मकानों को निशाना बनाने वाले शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश, स्नातक अभियुक्तगिरफ्तार, लाखों के जेवर और नकदी बरामद, साथी की तलाश जारी

लखनऊ,(आरएनएस)। राजधानी में बंद पड़े मकानों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की दक्षिणी जोन पुलिस ने गिरफ्तार कर दो चर्चित चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सोने–चांदी के आभूषण, चांदी के बर्तन और नगदी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ राजधानी के विभिन्न थानों में चोरी, गैंगस्टर और शस्त्र अधिनियम सहित 28 से अधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं, जबकि उसका फरार साथी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) अमित कुमार आनंद के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) रल्लापल्ली वसंत कुमार तथा सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर अभिषेक कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना बिजनौर पुलिस और दक्षिणी जोन की सर्विलांस टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार 25 मई 2026 को औरंगाबाद जागीर स्थित रॉयल नगर निवासी शिवांगिनी पाण्डेय ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 मई की रात अज्ञात चोर उनके बंद घर का ताला तोड़कर 10 हजार रुपये नकद और आभूषण चोरी कर ले गए। इसके कुछ ही समय बाद लक्ष्मी इन्क्लेव रॉयल सिटी निवासी राजू राय ने भी शिकायत दर्ज कराई कि उनके घर का ताला तोड़कर 17 हजार रुपये नकद तथा सोने–चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। दोनों मामलों में थाना बिजनौर में मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटनाओं के खुलासे के लिए दो विशेष पुलिस टीमें गठित की गईं। पुलिस ने लगभग 400 से 500 सीसीटीवी फुटेज के साथ अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान अमित कुमार रस्तोगी की पहचान सामने आई। इसके बाद शनिवार रात छुआराखेड़ा मोड़ के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी नरसिंह गौतम के साथ मिलकर मई माह में रॉयल सिटी क्षेत्र के दो बंद मकानों की पहले रेकी की और यह सुनिश्चित करने के बाद कि घरों में कोई नहीं है, ताले तोड़कर भीतर प्रवेश किया। दोनों ने नकदी और जेवरात चोरी किए तथा बाद में चोरी का सामान आपस में बांट लिया। अभियुक्त ने यह भी बताया कि गिरोह रात के समय सुनसान और बंद पड़े मकानों को ही निशाना बनाता था। चोरी के जेवरात और अन्य सामान राह चलते लोगों को कम कीमत पर बेच दिए जाते थे और प्राप्त रकम आपस में बांट ली जाती थी।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमित कुमार रस्तोगी पुत्र अशोक कुमार रस्तोगी निवासी कौशलपुरी छोटा भरवारा, थाना गोमतीनगर विस्तार के रूप में हुई है। वर्तमान में वह बिहार के वैशाली जनपद के हाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित चक सिकंदर गांव में रह रहा था। लगभग 40 वर्षीय अभियुक्त स्नातक शिक्षित है।पुलिस ने उसके कब्जे से चार सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन, एक जोड़ी टॉप्स, मांग टीका, झुमके, दो लॉकेट, कमर पेटी, सोने के अन्य आभूषण, चांदी की कई जोड़ियां पायल, बिछिया, ब्रेसलेट, कटोरी, चम्मच, प्लेटें, सिक्के, सजावटी चांदी के सामान तथा 1320 रुपये नकद बरामद किए हैं।जांच में यह भी सामने आया कि अमित कुमार रस्तोगी राजधानी के कई थानों में सक्रिय रहा है। उसके खिलाफ बक्शी का तालाब, चिनहट, गोमतीनगर विस्तार, बीबीडी और मड़ियांव थानों में चोरी, घर में घुसकर चोरी, चोरी के माल की बरामदगी, गैंगस्टर अधिनियम तथा शस्त्र अधिनियम सहित कुल 28 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि उसका फरार साथी नरसिंह गौतम भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।पुलिस के अनुसार इस गिरफ्तारी से थाना बिजनौर में दर्ज दोनों चोरी के मुकदमों का सफल अनावरण हो गया है।

# सरकारी और ग्राम समाज की भूमि विवादों पर अब तीन सदस्यीय विशेष पीठ करेगी सुनवाई, योगी सरकार ने लागू की नई व्यवस्था

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश में सरकारी एवं सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े विवादों के त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए योगी सरकार ने राजस्व न्याय व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण सुधार लागू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने फैसला किया है कि अब आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से संबंधित सभी वादों की सुनवाई तीन सदस्यीय विशेष पीठ करेगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है और इसका उद्देश्य सार्वजनिक भूमि से जुड़े संवेदनशील मामलों में पारदर्शिता, न्यायिक गुणवत्ता और निर्णयों में एकरूपता सुनिश्चित करना है।राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सरकारी और सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, भूमि विवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा राजस्व न्याय प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने पर विशेष बल दे रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा–9 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह नई व्यवस्था लागू की गई है।नई व्यवस्था के अनुसार अब लखनऊ और प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद के न्यायालयों में आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल भूमि, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से जुड़े सभी लंबित और नए मामलों की सुनवाई एकल पीठ या सर्किट कोर्ट के बजाय विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ करेगी। परिषद का मानना है कि सामूहिक सुनवाई से महत्वपूर्ण मामलों में विभिन्न न्यायिक दृष्टिकोणों का समावेश होगा, जिससे निर्णय अधिक संतुलित, निष्पक्ष और विधिसम्मत होंगे।राजस्व परिषद ने लखनऊ और प्रयागराज दोनों न्यायालयों के लिए अलग–अलग तीन सदस्यीय विशेष पीठों का गठन किया है। इन विशेष पीठों द्वारा प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से इन मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे सरकारी और सार्वजनिक भूमि से जुड़े संवेदनशील मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित होने के साथ–साथ पूरे प्रदेश में न्यायिक निर्णयों में एकरूपता स्थापित होगी।परिषद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस श्रेणी के सभी लंबित एवं नए वादों की पहचान कर उन्हें निर्धारित विशेष पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कराया जाए। इससे नई व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा तथा मामलों के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना कम होगी। नियमित सुनवाई और व्यवस्थित सूचीकरण से न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुचारु, प्रभावी और परिणामोन्मुख बनने की उम्मीद है।राजस्व परिषद का मानना है कि तीन सदस्यीय पीठ द्वारा सामूहिक निर्णय लेने की व्यवस्था से न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। समान प्रकृति के मामलों में एकरूप निर्णय आने से भविष्य में अनावश्यक विवादों और कानूनी असमंजस की स्थिति भी कम होगी। इससे सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि के संरक्षण से जुड़े मामलों में न्यायिक प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ होगी।प्रदेश सरकार पहले ही राजस्व प्रशासन में व्यापक सुधारों की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठा चुकी है। डिजिटल भू–अभिलेखों का विकास, ऑनलाइन नामांतरण की सुविधा, आधुनिक तकनीकों के माध्यम से भूमि पैमाइश, राजस्व सेवाओं का डिजिटलीकरण, न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा सरकारी भूमि की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान जैसी पहलों ने राजस्व व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और नागरिक हितैषी बनाया है।अब तीन सदस्यीय विशेष पीठ की व्यवस्था को इन्हीं सुधारों की अगली महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सामूहिक न्यायिक निर्णय प्रणाली से न केवल सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े मामलों का तेजी से निस्तारण होगा, बल्कि प्रदेश की राजस्व न्याय व्यवस्था को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# अभिषेक रावत हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पुरानी रंजिश में धारदार हथियारों से किया गया था हमला, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

लखनऊ, (आरएनएस)। राजधानी के पीजीआई थाना क्षेत्र में युवक अभिषेक रावत की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पुरानी रंजिश के चलते हुए विवाद में धारदार हथियार, लाठी–डंडों और लोहे के करछुल (बड़े पलटे) से हमला किया गया था, जिसमें गंभीर रूप से घायल अभिषेक रावत की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद गठित विशेष पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को ट्रॉमा सेंटर से छुट्टी मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया। मामले में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) अमित कुमार आनंद के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) रल्लापल्ली वसंत कुमार तथा सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज ऋषभ यादव के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक पीजीआई धीरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार 3 जुलाई 2026 को ग्राम जगतखेड़ा मजरा कल्ली पश्चिम निवासी पुष्पा रावत उर्फ क्षवि ने थाना पीजीआई में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके पुत्र अभिषेक रावत को अखिलेश रावत, अमन रावत, राधे सरकार उर्फ अभिषेक, अरुण रावत, अपिन लोधी, सचिन रावत, शिवम चटियार, राजू उर्फ रज्जा तथा अन्य साथियों ने ग्राम सरथुवा बुलाया। वहां सभी ने मिलकर धारदार हथियारों, लाठी–डंडों और लोहे के करछुल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान अभिषेक रावत की मौत हो गई। शिकायत के आधार पर थाना पीजीआई में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर घटना की कड़ियों को जोड़ा। जांच के दौरान पता चला कि घटना के समय घायल हुआ मुख्य आरोपी अखिलेश रावत उपचार के लिए केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती था। शनिवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान अखिलेश रावत पुत्र रामलोटन निवासी ग्राम ईश्वरीखेड़ा, थाना पीजीआई, लखनऊ के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका मृतक अभिषेक रावत से पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते दोनों पक्षों के बीच मारपीट और झगड़ा हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक हो गया। विवाद बढ़ने पर अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पीजीआई, गोसाईंगंज और सुशांत गोल्फ सिटी थानों में लूट, डकैती, मारपीट, धमकी और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2020 से लेकर 2025 तक उसके खिलाफ सात आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

पुलिस का कहना है कि इस हत्याकांड में शामिल अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। मामले की विवेचना जारी है तथा पुलिस हत्या की घटना से जुड़े सभी तथ्यों और साक्ष्यों का गहन परीक्षण कर रही है।

# राम मंदिर दान प्रकरण पर अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला

लखनऊ, (आरएनएस)। राम मंदिर दान प्रकरण को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में देश की जनता जवाब चाहती है और सच सामने आना चाहिए।अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि आखिरकार ष्सुरंगजीवियोंष को बाहर आना ही पड़ा, क्योंकि अब अपयश का पानी सुरंग में गले तक भर गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस गंभीर मामले में स्वयं सामने आने के बजाय दूसरे व्यक्ति को आगे किया गया। उनके अनुसार, देश के 140 करोड़ नागरिकों और देश–विदेश के दानदाताओं के मन में यह सवाल है कि इस प्रकरण में जिम्मेदार लोग सीधे सामने क्यों नहीं आए।सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि यह कोशिश कथित रूप से जनाक्रोश और जवाबदेही से बचने के लिए की गई। उन्होंने कहा कि जो लोग अब तक षड्यंत्र की राजनीति करते रहे, वे अब आपस में ही एक–दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं और समय आने पर पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी।

अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि जिन लोगों ने कथित रूप से इस मामले में गलत कार्य किया है, उन्हें न केवल जनता बल्कि इतिहास भी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सत्य अंततः सामने आएगा और दोषियों को अपने कर्मों का परिणाम भुगतना होगा।

# सगे भाइयों की मौत मामले में महिला समेत दो गिरफ्तार

## आरोपित सपा विधायक व अन्य की तलाश में पुलिस की दबिश

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र के बनपुरवा सराय पीथा गांव में 35 वर्षीय सुशील कुमार की तीन जुलाई की सुबह घर में फंदे से लटकती लाश मिलने के बाद हंडिया के सपा विधायक हाकिम लाल बिंद समेत पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें मृतक के छोटे भाई संतोष की पत्नी गौरी और उसके रिश्तेदार शामिल थे। साथ ही 11 जून को सुशील के भाई संतोष की हुई मौत मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा भी दर्ज किया गया। इसमें गौरी समेत सात को आरोपित बनाया गया। हंडिया पुलिस ने शनिवार को नामजद आरोपित सेवना गांव की रहने वाली गौरी और उसके भाई लाला को गिरफ्तार कर लिया। वहीं विधायक हाकिम लाल बिंद समेत अन्य आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

ज्ञात हो कि हंडिया थाना क्षेत्र के बनपुरवा सरायपीथा गांव निवासी सुशील कुमार का शव शुक्रवार यानी तीन जुलाई सुबह घर के भीतर फंदे से लटकता मिला था। इसके पहले 11 जून को उनके छोटे भाई संतोष कुमार की मौत हो गई थी। संतोष की लाश गांव के बाहर नीम के पेड़ से फंदे के सहारे लटकती मिली थी। उस समय भी घरवालों ने जमीन के विवाद में हत्या की आशंका जताई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। तीन जुलाई को सुशील की लाश जब फंदे से लटकते स्वजन और ग्रामीणों ने देखी तो उनका धैर्य जवाब दे गया। हंगामा करते हुए जमीन के विवाद को लेकर सुशील कुमार को मारकर फंदे से लटकने का आरोप हंडिया विधायक हाकिम लाल बिंद, गायिका सुमित्रा नंदनी निवासी सैदाबाद, उसके भाई अमित गौतम, सेवना की रहने वाली गौरी और उसके जीजा संजय गौतम पर लगाया।

पुलिस ने इन पांचों के खिलाफ हत्या समेत तीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। 11 जून को संतोष की हुई मौत को लेकर दी गई तहरीर को भी गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज किया। इसमें संतोष की पत्नी गौरी और उसके भाई लल्ला समेत सात को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। इसके बाद पुलिस ने गौरी और लाला को गिरफ्तार कर लिया।

हंडिया इंस्पेक्टर अनूप सरोज का कहना है कि मामले से जुड़े दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। विधायक हाकिम लाल बिंद, गौरी की मौसी की लड़की गायिका सुमित्रा नंदिनी समेत अन्य आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# रोटरी अरिहंत ने किया निःशुल्क कपड़े के झोलों का वितरण

प्रयागराज। रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद अरिहंत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर ए.जी. ऑफिस सब्जी मंडी, सिविल लाइंस में एक प्रभावशाली जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन एवं व्यापारियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वैकल्पिक एवं पर्यावरण–अनुकूल साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हर्षवर्धन बाजपेयी, विधायक, उत्तर विधानसभा, प्रयागराज का स्वागत क्लब संस्थापक पीपी रोटेरियन शशांक जैन, विशिष्ट अतिथि सिविल लाइंस व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा का स्वागत क्लब अध्यक्ष डॉ. कीर्ति अग्रवाल, पूर्व गवर्नर अनिल अग्रवाल एवं अभिषेक वर्मा कास्वागत सीए मनीष अग्रवाल द्वारा तथा पंकज जायसवाल , पार्षद का स्वागत तुषार अग्रवाल द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।कल्ब की सचिव रोटेरियन प्रिती जैन ने बताया कि आमजन एवं व्यापारियों के बीच बड़ी संख्या में निःशुल्क कपड़े के झोलों का वितरण किया जा रहा है और इस तरह के कार्य आगे भी किये जाते रहेगे। इस अवसर पर ज्वाइट सेक्रेटरी दीप्ति गुप्ता, कन्हैया लाल अग्रवाल और उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल आयोजन क्लब के सदस्य ईमरान अहमद, के. एम. प्रजापति, पंकज अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, सुष्मिता जैन, गीता अग्रवाल, आदि अनेकों सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस की दबिश से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र में जानवी पुरम लोकपुर में मध्य प्रदेश की पुलिस की दबिश से परेशान एक युवक ने फंदे से गला कसकर अपनी जान दे दी। पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें पूरा वाकया लिखा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम गाधा निवासी अंशुमान प्रताप सिंह (20) पुत्र राजेश्वरी प्रसाद सिंह फिलहाल नैनी थाना क्षेत्र के जानवीपुरम लोकपुर में रहता था। इंस्टाग्राम के माध्यम से एक किशोरी से उसकी दोस्ती हो गई थी। सागर (मध्य प्रदेश) जाकर वह लड़की से अक्सर मिलता था। लड़की ने अंशुमान को 15 लाख रुपया और सोने चांदी का जेवर रखने के लिए दिया था। आरोप है कि जब लड़की ने अपना पैसा और गहना मांगा तो अंशुमान ने देने से इनकार कर दिया।

इस बात की जानकारी जब लड़की के घर वालों को हुई तो बालकृष्ण पुत्र नाथूराम ने थाना खुरई जिला सागर मध्य प्रदेश में शिकायत की थी। मामले की जांच के लिए पिछले बृहस्पतिवार की रात थाना खुरई के हेड कांस्टेबल भुजबल सिंह किशोरी के परिजनों के साथ अंशुमान प्रताप सिंह के घर आए थे। पुलिस को देखकर अंशुमान छिप गया था। फिर आने की बात कहकर पुलिस लौट गई।

इससे अंशुमान भयभीत हो गया। मां श्याम कुमारी और पिता राजेश्वरी प्रसाद सिंह रात में कमरे में सोने के लिए चले गए थे। उसके बाद अंशुमान ने रात्रि में अपने कमरे में साड़ी के फंदे से झूल गया। सुबह घर वालों ने शव को लटकता देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर नैनी पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम पहुंची और जांच पड़ताल करने वापस आ गई। एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट मिला है।

# टिकट वितरण में जाति विशेष आधार नहीं होगा- सांसद

## समाजवादी सिद्धांतो पर चलकर लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए साम्प्रदायिक और तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने का लेंगे संकल्प

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी केर्ट वरिष्ठ नेता एवं बलिया से सांसद सनातन पांडेय ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी उन्हीं उम्मीदवारों को टिकट देगी, जिनकी जीत सुनिश्चित करने की क्षमता होगी। टिकट वितरण में किसी जाति विशेष को आधार नहीं बनाया जाएगा, बल्कि संगठन, जनाधार और जीतने की क्षमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में सांसद ने पांच अगस्त को समाजवादी विचारक जनेश्वर मिश्र की जयंती पर लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से हजारों कार्यकर्ता जुटेंगे और संविधान, लोकतंत्र तथा सामाजिक सद्भाव की रक्षा का संकल्प लेंगे।समाजवादी नेता, बलिया के सांसद सनातन पाण्डेय ने आज प्रयागराज में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि स्व जनेश्वर मिश्र की जयंती लोकतंत्र और संविधान बचाने, समाज में आपसी सद्भाव और सामाजिक न्याय लाने के संकल्प के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश को जहाँ विभिन्न भाषा, संस्कृति, भेष भूषा, खान पान और जीवन शैली को लोग रहते हैं इसका विकास समाजवादी विचारधारा पर चलकर ही किया जा सकता है। कहा कि वर्तमान में इस देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के नाम पर छल, प्रपंच करने वालों, आपसी भाईचारे को बिगाड़ने वालों, धार्मिक स्थलों, नदियों के नाम पर राजनीति करने वाले सक्रिय हो गए हैं लेकिन देश की ऐतिहासिक परम्परा रही है कि ऐसे तानाशाही सत्ता धीशों को समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने हमेशा चुनौती दी है और समय अब आ गया है।

# 60 सदस्यीय चौम्बर एलाटमेंट संघर्ष समिति का गठन

## समिति के पदाधिकारी 7 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश से मिलकर रखेंगे समस्याएं

प्रयागराज। शहर पश्चिमी क्षेत्र के कालिंदी पुरम में शनिवार को अधिवक्ताओं की इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता आर पी तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 60 सदस्यीय चौम्बर एलाटमेंट संघर्ष समिति का गठन किया गया।

समिति के संरक्षक मण्डल में वरिष्ठ अधिवक्ता सी एल पाण्डेय,अमरेंद्र नाथ, आई के चतुर्वेदी, ओ पी सिंह, राधाकांत ओझा, अशोक सिंह, डा सी पी उपाध्याय, प्रभाशंकर मिश्रा, नरेश चंद्र त्रिपाठी, पीसी श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, हरिवंश सिंह, संतोष कुमार त्रिपाठी, ए सी तिवारी, सुरेश चंद्र पांडेय, वीर सिंह, प्राणेश दत्त त्रिपाठी, एस के मिश्रा शामिल किए गए हैं।

मार्ग दर्शक मण्डल में धर्मेंद्र सिंह, सुनील कुमार सिंह मिंटू, अतुल कुमार पांडेय, जमील अहमद आजमी, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार मिश्र, राय साहब यादव, अभिषेक तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, आनंद मोहन पाण्डेय, अनीश कुमार, हरेंद्र कुमार, वीं डी पाण्डेय, गिरीश सिंह, विष्णु पाण्डेय, आशुतोष त्रिपाठी, संतोष सिंह बब्लू, चंद्रकांत द्विवेदी, परवेज इकबाल, मुकुल पाण्डेय, रवि प्रकाश कुशवाहा, राम औतार वर्मा,धर्मेंद्र शुक्ला, शक्ति सिंह शामिल हैं।

समिति के संयोजक राजेश खरे, अध्यक्ष आर पी तिवारी, महासचिव जगदीश सिंह बुंदेला, संतोष पाण्डेय, जे एस बघेल, सचिव हिमांशु सिंह, सी पी मिश्रा, सुभाष चन्द्र सिंह,आंचल ओझा, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, संजय मिश्रा, रतन शंकर दीक्षित एवं एम सिंह, प्रशांत सिंह रिंकू,डा सुमन यादव, कोषाध्यक्ष राजीव द्विवेदी, सह कोषाध्यक्ष सुनील सहगल और मीडिया प्रभारी अमरेंद्रु सिंह तथा सह मीडिया प्रभारी पुनीत शुक्ला को बनाया गया है।

समिति के सक्रिय सदस्यों में ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक निगम, यशोदा नंदन शुक्ला, श्रीमती दया कुमारी, श्रीमती बीना देवी, बरखा जायसवाल, प्रखर श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से हैं।

समिति के संयोजक राजेश खरे ने बताया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव ने आश्वासन दिया था

कि 6 जुलाई को चौंबर्स आवंटन की आ रही समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

सोमवार 6 जुलाई तक यदि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो 7 जुलाई को चौंबर्स आवंटन कमेटी के अध्यक्ष एवं मुख्य न्यायाधीश से चेंबर

आवंटन संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल मिल कर चौम्बर एलाटमेंट में आ रही समस्याओं को रखेगा।

# गन्ना समितियों में 06 जुलाई से चलेगा विशेष सामाजिक सुरक्षा जागरूकता एवं नामांकन अभियान

कुशीनगर, (आरएनएस)। प्रदेश सरकार के निर्देश एवं शासन के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा जनपद के गन्ना कृषकों एवं उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक संरक्षण एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद की सभी 14 सहकारी गन्ना विकास समितियों में विशेष सामाजिक सुरक्षा जागरूकता एवं नामांकन अभियान आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद की गन्ना समितियों में गन्ना समिति कसया, दुदही, बोदरवार एवं कप्तानगंज में 06 जुलाई से 09 जुलाई तक तथा पडरौना, रामकोला (के.), रामकोला (पी.), लक्ष्मीगंज, खड्डा, छितौनी, सेवरही, तरयासुजान, हाटा एवं कठकुईया में 06 जुलाई से 11 जुलाई तक इफको, संबंधित चीनी मिलों एवं बैंकों के सहयोग से विशेष कृषक गोष्ठियों, जागरूकता कार्यक्रमों एवं ऑन–द–स्पॉट नामांकन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गन्ना कृषकों एवं उनके परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा का कवच प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही नामांकन भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोष्ठी स्थलों पर बैंक, इफको, चीनी मिलों एवं गन्ना समितियों द्वारा संयुक्त रूप से सहायता एवं नामांकन काउंटर स्थापित किए जाएंगे। जहां किसानों को योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, प्रीमियम, लाभ एवं नामांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही नए कृषक सदस्यों का पंजीकरण, बैंक खाते खुलवाने, आवश्यक दस्तावेजों की फोटोकॉपी तथा अन्य आवश्यक सेवाओं की सुविधा भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के सफल संचालन हेतु जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता में बीते 29 मई को अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), सहकारी गन्ना विकास समितियों के अध्यक्षों, इफको प्रतिनिधियों, संबंधित चीनी मिलों के प्रधान प्रबंधकों, समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों एवं सचिवों के साथ बैठक आयोजित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। बैठक में समितिवार कार्यक्रमों की तिथियां एवं स्थान निर्धारित किए गए तथा अधिकतम कृषक सहभागिता सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए पम्पलेटों, बैनरों, पोस्टरों, ग्राम स्तरीय बैठकों एवं जनसंपर्क गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। गन्ना पर्यवेक्षकों को अपने–अपने क्षेत्र के गांवों में जाकर किसानों को कार्यक्रम की तिथियों, योजनाओं के लाभ तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देकर उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त महिला स्वयं सहायता समूहों, एसएचजी की महिलाओं को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गन्ना समिति के लिए यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि कम से कम दस प्रतिशत पंजीकृत गन्ना कृषक एवं उनके परिवार इस अभियान में प्रतिभाग कर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने जनपद के समस्त गन्ना कृषकों से अपील किया है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपनी संबंधित गन्ना समिति में आयोजित कार्यक्रम में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करें तथा अपने परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसानों एवं उनके परिवारों को दुर्घटना, मृत्यु, वृद्धावस्था एवं अन्य सामाजिक– आर्थिक जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करने के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच बढ़ाने और किसानों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

## पीएम फसल बीमा योजना- किसानों के लिए सुरक्षा कवच, धान एवं मक्का फसल का समय से कराएं बीमा

कुशीनगर, (आरएनएस)। वर्तमान खरीफ सत्र में जनपद में लगभग एक लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की खेती की जानी है। जनपद में धान एवं मक्का की फसल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत आच्छादित है। योजना के तहत भारतीय कृषि बीमा कंपनी नामित बीमा कंपनी है। धान की फसल का बीमा कराने हेतु किसानों को बीमित धनराशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम यानी 1,634 रूपए प्रति हेक्टेयर जमा करना होगा। उक्त जानकारी उप कृषि निदेशक ने देते हुए बताया कि मौसम की अनिश्चितता एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलों को होने वाले नुकसान से किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। कम वर्षा, असफल बुवाई, खड़ी फसल में कीट एवं रोगों से क्षति, अनावृष्टि, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, जल भराव, भूस्खलन, बिजली गिरने सहित अन्य प्राकृतिक कारणों से फसल नष्ट होने अथवा उत्पादन में कमी आने पर नियमानुसार बीमा कंपनी द्वारा क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। योजना के अंतर्गत ऋणी एवं गैर–ऋणी दोनों प्रकार के किसान अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। ऋणी किसान अपने बैंक के माध्यम से तथा गैर–ऋणी किसान कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी से प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल (www-pmfby-gov-in) अथवा अधिकृत बीमा प्रतिनिधि के माध्यम से बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए आधार कार्ड, फसल बुवाई की घोषणा, नवीनतम खतौनी एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति आवश्यक होगी। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए तहसील स्तर पर फसल बीमा प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। किसान योजना से संबंधित किसी भी जानकारी अथवा सहायता के लिए संबंधित प्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं। जिला समन्वयक प्रिंस कुमार मिश्रा (मो. 9549634331), पडरौना तहसील के लिए आकाश कुमार गौड़ (मो. 8423611651), खड्डा तहसील के लिए मनीष कुमार सिंह (मो. 9721108986), कप्तानगंज तहसील के लिए वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय (मो. 6394380693), हाटा तहसील के लिए ज्ञानजीत वर्मा (मो. 9450945711), कसया तहसील के लिए अभय प्रताप सिंह (मो. 8009952236) तथा तमकुहीराज तहसील के लिए आलोक गुप्ता (मो. 7518207819) से संपर्क किया जा सकता है।

## जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदेय स्थलों की सूची का आलेख प्रकाशित

कुशीनगर, (आरएनएस)। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा– 25 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 329–खड्डा, 330–पडरौना, 331–तमकुहीराज, 332–फाजिलनगर, 333–कुशीनगर, 334–हाटा एवं 335–रामकोला (अ.जा.) के मतदेय स्थलों की सूची का आलेख आज 04 जुलाई को प्रकाशित कर दिया गया है। उक्त जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम वैभव मिश्रा ने देते हुए बताया है कि प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूची के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो वह अपना अभ्यावेदन संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीध्उप जिलाधिकारी के कार्यालय, तहसील कार्यालय या जिला निर्वाचन कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों एवं संबंधित पक्षों से अपील किया है कि प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूची का अवलोकन कर आवश्यक होने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने सुझाव एवं आपत्तियाँ समय से उपलब्ध कराएं।

# ससुराल से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

### अज्ञात वाहन की टक्कर की आशंका

बल्दीराय सुलतानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र के देहली बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले एक युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बल्दीराय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जगत पाल (30) पुत्र हितलाल, निवासी ग्राम सेमरौना, थाना धनपतगंज, जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अयोध्या जनपद के कुमारगंज क्षेत्र स्थित अपनी ससुराल से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान देहली बाजार के पास वह सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए सड़क हादसे का प्रतीत हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्वाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही दुर्घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र में भी इस हादसे को लेकर शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही दुर्घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

## डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर हो अमहट चौराहा का नामकरण-सुशील त्रिपाठी

सुलतानपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के अवसर पर नगर की पश्चिमी सीमा स्थित अमहट चौराहा का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक किए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने 3 जुलाई को जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर जनभावनाओं के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की है।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में 6 जुलाई तक चल रहे विशेष स्मृति पखवाड़े के दौरान यह मांग की गई है। जिलाध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा है कि अमहट चौराहा सुलतानपुर नगर का एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार और प्रमुख यातायात केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। सुशील त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक तथा देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले महान व्यक्तित्व थे। उनके नाम पर अमहट चौराहा का नामकरण न केवल उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान का सम्मान होगा, बल्कि नई पीढ़ी को उनके आदर्शों, राष्ट्रभक्ति और त्यागपूर्ण जीवन से प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज डॉ. मुखर्जी के सपनों के अनुरूप एक सशक्त, आत्मनिर्भर और एकात्म भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में जनपद के प्रमुख चौराहे का नाम उनके नाम पर किया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# सूबे के कबीना मंत्री के आगमन पर तैयारी जोरो पर

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन दुबेपुर ब्लॉक के ग्राम सभा कतकौली निवासी डॉ. मनोज पांडे का आगमन दिनांक 6 जुलाई दिन सोमवार दोपहर 12.00 बजे पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में होगा जहां पर प्रबुद्ध सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे. शांय काल 4.00 बजे ग्राम सभा कतकौली में स्वर्गीय राम यज्ञ शुक्ला इंटरमीडिएट कॉलेज में आयोजित स्वास्थ्य मेले को संबोधित करेंगे उक्त जानकारी डॉ. मनोज पांडे के सुल्तानपुर जनपद के संगठन प्रतिनिधि से हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्य पंडित रुपेश शुक्ला, पंडित नवल किशोर मिश्रा एवं डॉक्टर डीएस मिश्रा ने संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया है कि पूरे जनपद के कोने–कोने से लोग जनपद में पहुंचेंगे जहां अपने नेता का स्वागत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए एक आयोजन समिति का निर्माण किया गया है जिसमें पंडित रमेश दुबे, आलोक मिश्रा, रमेश दुबे प्रधान, जिला अध्यक्ष जागृत ब्राह्मण समाज प्रेमनाथ शुक्ला, लंभुआ रमेश मिश्रा, कादीपुर लक्ष्मी पांडे, दोस्तपुर विवेकानंद उपाध्याय, करौदी कला उमेश मिश्रा, दुबेपुर रमेश शर्मा, कुड़वार सोनू मिश्रा, धनपतगंज रामसरोवर मिश्रा, कूरेभार सुरेंद्र मिश्रा, प्रधान जयसिंहपुर रमेश शर्मा प्रधान को जिम्मेदारी दी गई है।हिन्दी की मौखिकी 7 कोसुलतानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एम.ए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर हिन्दी तथा बीए षष्ठ सेमेस्टर हिन्दी विषय की मौखिक परीक्षा मंगलवार सात जुलाई को होगी ।

यह जानकारी देते हुए आंतरिक परीक्षक प्रोफेसर रंजना पटेल व असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि सभी विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र, परियोजना कार्य, लघु शोध प्रबंध,रिकार्ड फाइल व अन्य आवश्यक सामग्री के साथ सुबह दस बजे विभाग कार्यालय पहुंचे।

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया का किया आकस्मिक निरीक्षण

**प्रभारी चिकित्साधिकारी बिना अवकाश स्वी×त कराए मुख्यालय से बाहर रहने पर प्रतिकूल प्रविष्टि व दवा वितरण काउंटर पर इडेक्स न बनाए जाने पर फार्मासिस्ट को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश**

**अस्पताल में संचारी रोग नियंत्रण, आयुष्मान भारत सहित जननी सुरक्षा योजना के मानिटरिंग का नहीं मिला कोई पत्रावलीध्रजिस्टर-एडवांस दिनो में हस्ताक्षर कर गायब रहना कर्मचारी आचार संहित का घोर उल्लन, जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सम्पूर्ण व्यवस्था की जांच कर आख्या उपलब्ध कराने का दिया निर्देश हलिया क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय भटवारी का निरीक्षण कर बच्चों के पठन पाठन की गुणवत्ता की ली जानकारी**

मीरजापुर 04 जुलाई 2026– जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज हलिया विकास खण्ड क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कीर्ति कुमार मिश्रा के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर डॉ विवेक खरे चिकित्साधिकारी बाल रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे जबकि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार बिना सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराएध्अनुमति के बिना जिला मुख्यालय के बाहर कानपुर गए है। जिलाधिकारी द्वारा ओ0पी0डी0 सहित अस्पताल में संचारी रोग नियंत्रण, आयुष्मान भारत एवं जननी सुरक्षा योजना के मानिटरिंग व आने वाले मरीजों के रजिस्टरध्पत्रावली निरीक्षण हेतु मांगी गई तो उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी व डाक्टर एक दूसरे को देखने लगे पूछताछ करने पर यह पाया गया कि उपरोक्त योजनाओं के मानिटरिंग के लिए अस्पताल में कोई भी व्यवस्थाध पत्रावलीध्रजिस्टर नही बनाया गया है कम्प्यूटर से निकालकर एक व्यक्ति द्वारा जननी सुरक्षा का प्रिन्ट निकाल कर दिखाया गया परन्तु उसमें भी 06 अप्रैल 2026 के बाद कोई भी आंकड़ा कम्प्यूटर दर्ज नही किया गया। उपस्थिति रजिस्टर के निरीक्षण पर ऐसा प्रतीत हुआ कि कई कर्मचारियो के सामने एडवांस हस्ताक्षर कर गायब रहना पुनः उसमें से किसी–किसी का हस्ताक्षर काटकर सीएल लिख देना रजिस्टर में पाया गया। अस्पताल के संविदा कर्मचारियो का भी सीएल चढ़ाया गया है, जिलाधिकारी के पूछने पर डॉ विवेक ने बताया कि वर्ष में तीन सीएल इन्हें अनुमन्य है परन्तु एक ही कर्मचारी जो सविंदा पर काउंसलर सुचिता विश्वकर्मा को 05 सीएल चढ़ाया गया है डा0 शालिनी सिंह को प्रतिकर अवकाश बताया गया, अवकाश प्रार्थना पत्र मांगने पर बताया गया कि किसी से स्वीकृति नहीं ली गई है। ओ0पी0डी0 कक्ष के सामने बरामदे में मरीज के बैठने के स्थान का पंखा खराब पाया गया।

जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त कमियों तथा अस्पताल व्यवस्था में घोर लापरवाही बरतने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा किसी भी स्तर पर मानिटरिंग न करने तथा बिना अवकाश स्वीकृत कराए जिला मुख्यालय से बाहर रहने पर घोर लापरवाही का द्योतक बताते हुए उन्हें प्रतिकूल प्रविष्ठि देने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया गया। पास में उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दवा वितरण कक्ष, ओ0पी0डी0 रजिस्टर, इमरजेंसी डिस्प्ले बोर्ड आदि का निरीक्षण किया गया। इमरजेंसी डिस्प्ले बोर्ड कहीं डिस्प्ले नहीं किया गया था, दवा वितरण कक्ष में निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट द्वारा एक एक प्रयागराज से आए प्रशिक्षु फार्मासिस्ट मौ0 कैश काउंटर पर पाए गए उनसे जब जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि दवा वितरण के लिए कोई भी रजिस्टर उन्हें नही दिया गया है चिकित्सक द्वारा लिखे गए पर्ची के आधार पर वे दवाईयों का वितरण करते है। फार्मासिस्ट अजय कुमार कुशवाहा जो कि दूसरे कक्ष में बैठे रहे बुलाए जाने पर इंडेक्स रजिस्टर व दवा वितरण का कोई भी लेखा जोखा मांगा गया तो दवा वितरण कक्ष में कोई भी इंडेक्स रजिस्टर नही बनाया गया था एक रजिस्टर दिखाए जाने पर जिसमें 11 नवम्बर 2025 के बाद कोई भी दवा वितरण चढ़ाया नही गया था जिस पर घोर लापरवाही व अनियमितता बताते हुए जिलाधिकारी ने फार्मासिस्ट अजय कुमार कुशवाहा को विशेष प्रतिकूल प्रविष्ठि देने के साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि वे स्वंय अपने एक और अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ आज ही यहां बैठकर सभी व्यवस्थाओ का निरीक्षण करते हुए दो दिवस के अन्दर विस्तृत आख्या प्रस्तुत करे यदि दवाईयों के स्टोर व वितरण में गड़बड़या व अनियिमितता पाई जाती है जो सम्बन्धित फार्मासिस्ट के निलम्बन की कार्यवाही करते हुए अन्य विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करे तथा पूरे अस्पताल की व्यवस्था को सुचारू ढंग से सुनिश्चित कराए ताकि पारदर्शिता के साथ मरीजो को सुविधाए प्रदान की जा सकें।

तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मलहम पट्टी कक्ष का निरीक्षण किया जहां पर काफी गंदगी पाई गई मानक के अनुसार हाईजनिक रूई नहीं पाया गया मौके पर रखा गया रूई साधारण दिखा। मलहम पट्टी करने वाले वार्ड किशोर कुमार के द्वारा बिना ग्लव्स आदि लगाए रूईयों को इधर उधर कियाजा रहा है तथा रूईयों व अन्य दवाईयो को खुले में रखा गया है जहां आस पास गंदगी थी मलहम पट्टी टेबल की साफ सफाई नही की जा रही है जिससे इनफेक्सन आदि फैलने की आशंका है जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में घोर अनियमितता है । जिलाधिकारी ने वार्ड व्याय को चेतावनी देते हुए साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओ को सही रखने का निर्देश दिया। प्रसव कक्षध्महिला पुरूष वार्ड में जाकर भी निरीक्षण किया गया। मरीजो से देय सुविधाओ व उपचार के बारे में जानकारी ली गई। बाहर निकलने पर पर्ची काउंटर के बाहर काफी गंदगी दिखी जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाओ को दुरूस्त कर आख्या मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में इतनी अव्यवस्थाएं घोर लापरवाही का द्योतक है मुख्य चिकित्साधिकारी हलिया सहित अन्य अस्पतालो का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

प्राथमिक विद्यालय भटवारी का निरीक्षण

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने हलिया क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम सभी भटवारी में स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न कक्षाओ में जाकर पठन पाठन की गुणवत्ता के बारे में जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कक्षा–1, दो, तीन एवं कक्षा–5 में जाकर बच्चों से उनके पुस्तक से कविताओं को पढ़ाया गया तथा कविता के भावार्थ व शब्दो के मायने के बारे में जानकारी ली गई कुछ बच्चो द्वारा निडर होकर जिलाधिकारी के प्रश्नो का उत्तर दिया गया परन्तु अधिकांश बच्चों के द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया। कविता सुनाने के बाद भवार्थ व शब्दो के बारे में जानकारी नहीं थी जिलाधिकारी ने कहा कि केवल श्यामपट्ट पर लिखकर रटवाया न जाए बल्कि उन्हें इस तरह से समझाया जाए कि उनके दिमाग में शब्दो का मायने व भावार्थ के बारे में जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों के मन किसी प्रकार की डर की भावना न होने पाए इस तरह से उन्हें शिक्षा प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा कक्ष–1 के बच्चों से उनका नाम पूछा गया जिसमें आदर्श व रजत आदि बच्चो ने अपना नाम बताया जिलाधिकारी ने आदर्श व रजत के मीनिंग अथवा मतलब के बारे में पूछा तो बच्चो द्वारा नही बता पाने पर अध्यापका को निर्देशित किया कि इनके नाम के महत्व के बारे में भी बताया जाए। इस अवसर पर स्कूल व परिसर की साफ सफाई पर प्रसन्नता भी व्यक्त की गई। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, तहसीलदार लालगंज विशाल शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी उपस्थित रहें।

# मीरजापुर मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय BCME फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न, 30 चिकित्सा शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

मीरजापुर।माँ विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मीरजापुर में 2 जुलाई से 4 जुलाई 2026 तक तीन दिवसीय "Basic Course in Medical Education (BCME) Faculty Development Programme" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।




मेडिकल एजुकेशन यूनिट (MEU) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (NMC) के दिशा–निर्देशों के अनुरूप था। कार्यक्रम का मुख्य विषय "Empowering Educators: Enhancing Learning] Transforming Healthcare" रहा।

उद्देश्य– आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से लैस करना

कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, क्षमता–आधारित चिकित्सा शिक्षा (CBME) तथा प्रभावी मूल्यांकन तकनीकों से सशक्त बनाना था। तीन दिनों तक प्रतिभागियों को छात्र–केंद्रित शिक्षण, वयस्क अधिगम सिद्धांत, पाठ्यक्रम निर्माण, डब्फ एवं SAQ लेखन, आकलन और फीडबैक जैसी विधाओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

30 फैकल्टी ने लिया भाग

विभिन्न विभागों के 30 चिकित्सा शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। BHU, वाराणसी से आमंत्रित अनुभवी चिकित्सा शिक्षक डॉ. अतनु रॉय एवं संस्थान के प्रशिक्षित फैकल्टी सदस्यों ने विभिन्न सत्रों का संचालन किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों, कार्यशालाओं, प्रस्तुतियों और हैंड्स–ऑन अभ्यास के माध्यम से सक्रिय सहभागिता की।

''चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार जरूरी''

समापन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) संजीव कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे फैकल्टी विकास कार्यक्रम चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने और विद्यार्थियों को सक्षम, संवेदनशील एवं दक्ष चिकित्सक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, MEU को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट वितरित किए। कोऑर्डिनेटर प्रो.(डॉ.) विपिन कुमार एवं 12 चिकित्सा शिक्षकों ने भी कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।

# सपा ने मनाई लक्खी शाह बंजारा की 446वीं जयंती

### महान योद्धा व बड़े व्यापारी थे लक्खी शाह बंजारा

मिर्जापुर, 4 जुलाई। समाजवादी पार्टी द्वारा स्थानीय जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर महान योद्धा लक्खी भाई बंजारा की 446वीं जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर लक्खी शाह बंजारा के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के मड़िहान विधानसभा अध्यक्ष शैलेश पटेल ने कहा कि 4 जुलाई 1580 को पंजाब के मुजफ्फरगढ़ में जन्मे लक्खी शाह बंजारा एक बड़े व्यापारी और महान योद्धा थे, जिन्होंने दिल्ली में रायसीना,




बाराखंभा, नरेला व मालचा जैसे क्षेत्रों की स्थापना की।

गोष्ठी का संचालन करते हुए जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अशोक सिंह मुन्ना ने कहा कि सौ वर्ष की आयु तक जीने वाले लक्खी शाह बंजारा को 1675 में गुरु तेग बहादुर जी का अंतिम संस्कार करने के लिए इतिहास में विशेष रूप से याद किया जाता है और इस महान कार्य के लिए उनके घर वाले स्थल पर आज दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अंतर्गत गुरुद्वारा रकाब गंज साहेब स्थित है।

इस अवसर पर उपस्थित पार्टीजनों मे मुख्य रूप से डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, शैलेश पटेल, हरिशंकर यादव, अभय यादव, रवि सोनकर, जमाल अहमद, सलीम बादशाह, अनीस खान, सूर्यमणि यादव, राम मिलन यादव, लालबहादुर यादव, कन्हैया यादव, जाहिद अख्तर, आशीष कोल व शिव कुमार यादव इत्यादि शामिल रहे।

# शिकायतों को लेकर न मिले नकारात्मक फीडबैक

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा विभागवार शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष निस्तारण आख्या को भी पढ़कर सुनाया तथा निस्तारण के संबंध में आवश्यक सुधार हेतु दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अधिकारी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में नकारात्मक फीडबैक प्राप्त नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम विभाग एवं पंचायती राज विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आईजीआरएस के प्रकरणों में शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ठ सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नजर आ रहे खतरे से बचाव नहीं, भूकंप से कैसे बचाएंगी सरकारें

दरअसल भारत के राजनीतिक दलों और सरकारों से किसी भी प्राकृतिक आपदा से पहले और बाद में बचाव की ज्यादा उम्मीदें नहीं की जा सकती हैं। कारण साफ है केंद्र और राज्यों की सरकारों को सामने स्पष्ट नजर आते हुए खतरों से लोगों को बचाने का कोई इंतजाम नहीं हो, वे भूकंप जैसे छिपे हुए खतरों से कैसे बचाएंगे।वेनेजुएला में एक मिनट के अंदर दो बड़े विनाशकारी भूकंप में करीब दो हजार लोगों की मौत हो गई। इस प्राकृतिक आपदा में करीब 10 हजार लोग घायल हो गए। बगैर किसी चेतावनी के आने वाली भूकंप जैसी आपदाएं सरकारों को चेताती हैं कि पहले से बचाव के उपाए किए जाएं, ताकि कम से कम जानमाल का नुकसान हो सकें। भूकंप का खतरा भारत मे भी है। देश के कई हिस्सों में कई बार शक्तिशाली भूकंपों ने भारी तबाही मचाई है। सवाल यह है कि पूर्व में आए इन भूकंपों से देश की सरकारों ने कोई सबक सीखा है। क्या देश में ऐसे इंतजाम किए गए हैं कि भूकंप आने पर कम से कम जानमाल का नुकसान हो।दरअसल भारत के राजनीतिक दलों और सरकारों से किसी भी प्राकृतिक आपदा से पहले और बाद में बचाव की ज्यादा उम्मीदें नहीं की जा सकती हैं। कारण साफ है केंद्र और राज्यों की सरकारों को सामने स्पष्ट नजर आते हुए खतरों से लोगों को बचाने का कोई इंतजाम नहीं हो, वे भूकंप जैसे छिपे हुए खतरों से कैसे बचाएंगे। दिल्ली के बाद लखनउ में आग से 15 लोगों की मौत हो गई। ऐसी लाखों इमारतें अकेले उत्तर प्रदेश में हैं, जिनमें आग से बचाने के कोई उपाय नहीं किए गए हैं। जब दिल्ली में आग लगी तभी राज्यों की सरकारों को सतर्क हो जाना चाहिए था। लेकिन सरकारों ने लोगों की जान की परवाह नहीं की। अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में आग ने पांच–छह मरीजों को लील लिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के नोएडा और फिर मध्य प्रदेश के इंदौर में आग ने फ्लैट और शोरूम खाक कर दिए। तीन दिन में आग की चार भयानक घटनाओं ने लोगों को डरा दिया है और करीब 26 लोगों की जलकर या काले धुएं की चपेट में आकर मौत हो गई है। राष्ट्रीय और राज्य स्तर के अनुमानों के अनुसार, वाणिज्यिक और आवासीय क्षेत्रों के 60 प्रतिशत से अधिक छोटे और मध्यम भवन बिना वैध फायर एनओसी के चल रहे हैं। देश भर में दमकल केंद्रों में 97.5 प्रतिशत, दमकल कर्मियों में 96.2 प्रतिशत और अग्निशमन उपकरणों में लगभग 80 प्रतिशत तक की कमी है। देश के लगभग हर बड़े शहर में सुरक्षा नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। यह खतरा ऐसा है, जो साफ दिखाई देता है। इससे बचाव के शतकृ प्रतिशत इंतजाम भी किए जा सकते हैं। इसके बावजूद राज्यों और केंद्र ने पूर्व में हुए ऐसे हादसों से सबक नहीं सीखा।ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है, सामने स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहे खतरे से निपटने में सरकारें नाकाम हैं



तो भूकंप जैसी अचानक आने वाली आपदा और उसके भयावह रूप से सरकारें कैसे निपटेंगी। जबकि भूगर्भ वैज्ञानिक साफ चेता चुके हैं कि देश के कितने हिस्सों में कभी भी भीषण भूकंप आ सकता है। पिछले दो दशकों में देश में 10 बड़े भूकंप आए हैं, जिनमें 20,000 से अधिक लोगों की जान गई है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ इमारतें भूकंपीय क्षेत्र 4 और 5 में आती हैं। इनमें से कई इमारतें 30–40 साल पहले बनी थीं और इनमें से कई इमारतें नेशनल बिल्डिंग कोड्स का पालन नहीं करती हैं। भूकंप संभावित क्षेत्रों में जोन–1 में भूकंप आने की आशंका सबसे कम रहती है, वहीं जोन–5 में ज्यादा प्रबल रहती है। दिल्ली–एनसीआर का इलाका सीस्मिक जोन–4 में आता है और यही वजह है कि उत्तर भारत के इस क्षेत्र में सीस्मिक गतिविधियाँ तेज रहती हैं। भूगर्भ विशेषज्ञों ने भारत के कघ्रीब 59: भू–भाग को भूकंप संभावित क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया है। जानकार सीस्मिक जोन–4 में आने वाले भारत के सभी बड़े शहरों की तुलना में दिल्ली में भूकंप की आशंका ज्यादा बताते हैं। गौरतलब है कि मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे शहर सीस्मिक जोन–3 की श्रेणी में आते हैं। जबकि भूगर्भशास्त्री कहते हैं कि दिल्ली की दुविधा यह भी है कि वह हिमालय के निकट है, जो भारत और यूरेशिया जैसी टेक्टॉनिक प्लेटों के मिलने से बना था और इसे धरती के भीतर की प्लेटों में होने वाली हलचल का खघमियाजा भुगतना पड़ सकता है।नेशनल सेंटर फोर सिसमोलॉजी के मुताबिक भारत के 29 शहरों पर भूकंप का गंभीर खघ्तरा है। इन शहरों में दिल्ली समेत नौ राज्यों की राजधानियां भी हैं। ये ज्यादातर शहर हिमालय जोन से लगे हैं। हिमालय से लगे शहर दुनियां के उन शहरों में शुमार हैं, जहां भूकंप का सबसे ज्यादा खघ्तरा रहता है। दिल्ली, पटना, श्रीनगर, कोहिमा, पुडुच्चेरी, गुवाहाटी, गंगटोक, शिमला, देहरादून, इम्फाल और चंडीगढ़ भूकंपीय क्षेत्र के जोन चार और पांच में हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) के मुताबिक ये वो शहर हैं जहां आबादी का घनत्व बहुत सघन है और ये गंगा के मैदानी भाग हैं। इसके साथ ही वैज्ञानिकों ने यह भी कहा है कि सिस्मिक जोन–4 में आने वाली राजधानी दिल्ली भूकंप के बड़े झटके से खासा प्रभावित हो सकती है। अगर यहां 7 की तीव्रता वाला भूकंप आया तो दिल्ली की कई सारी इमारतें और घर रेत की तरह भरभराकर गिर जाएंगे। ऐसा इसलिए है, क्योंकि दिल्ली की इमारतों में इस्तेमाल होने वाली निर्माण सामग्री ऐसी है, जो भूकंप के झटकों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम नहीं है। दिल्ली में मकान बनाने की निर्माण सामग्री ही आफत की सबसे बड़ी वजह है। दिल्ली में 1760 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियां हैं। इन अनधिकृत कॉलोनियों में गैर–इंजीनियरिंग इमारतें बनी हैं, जिनमें भूकंप प्रतिरोध क्षमता शायद ही हो।भूकंप के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील और खतरनाक माने जाने वाले जोन पांच में भारत का पूरा पूर्वोत्तर है। इनमें जम्मू–कश्मीर का कुछ हिस्सा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात के साथ उत्तरी बिहार के कुछ हिस्से और अंडमान निकोबार हैं। वहीं जम्मू–कश्मीर का कुछ हिस्सा, दिल्ली, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात के कुछ हिस्से और महाराष्ट्र का कुछ भाग जोन चार में हैं। गुजरात का भुज 2001 में भयावह तरीकघ्े से भूकंप की चपेट में आया था। इस भूकंप में 20 हजार लोग मारे गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2025 में आदेश दिया था कि ऐसी सभी इमारतें, जिनमें 100 या उससे अधिक लोग रहते हैं, उनके ऊपर भूकंप–रोधी होने वाली किसी एक श्रेणी का साफ उल्लेख होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश अन्य जनहित के आदेशों की तरह सरकारी फाइलों में दफन हो गया।

अग्नि दुर्घटनाओं की तरह तो नहीं पर मौटे तौर पर सरकारों को इस बात का अंदाजा है कि देश के किन इलाकों में भूकंप आ सकता है। जिस देश में साफ नजर आने वाले खतरे की नेताओं और सरकारों को परवाह नहीं, उन्हें छिपे हुए अचानक आने वाले खतरों से देश के लोगों को बचाने की क्या परवाह होगी। देश में ऐसा एक भी राज्य नहीं हैं, जहां की किसी भी तरह की इमरातें, अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित हो, या उनमें अग्नि दुर्घटना होने पर बचाव के पूरे कानूनी प्रावधान हों, ऐसे में छिपे हुए अचानक आए खतरनाक भूकंप से बचाने के लिए इंतजाम भगवान भरोसे है। होना तो यह चाहिए था कि इतने अग्निकांडों के बाद देश में सरकारों की नींद खुल जानी चाहिए थी। देश के जितने भी व्यवसायिक या निजी इमारतें हैं, उनमें आग से बचाव के इंतजामों की तत्काल जांच की जानी चाहिए थी।

# सम्पादकीय

## अनुसंधान परिवेश की कमजोरियां

क्या अपनी खास जरूरतों के मुताबिक एआई का संप्रभु सिस्टम एवं प्रतिमान विकसित करने की दिशा में भारत बढ़ रहा है? जियो का प्रस्तावित श्संप्रभु एआई बैकबॉनन्य क्या इस कमी को पूरा कर पाएगा? रिलायंस जियो ने भारत की संप्रभु आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) रीढ़ निर्मित करने का इरादा जताया है। कंपनी की 49वीं वार्षिक आम बैठक में प्रबंध ाक निदेशक मुकेश अंबानी ने जियो के उपभोक्ताओं के लिए जियो कॉल–एजेंट और एआई संचालित माई–जियो ऐप लॉन्च करने की घोषणा भी की। रिलायंस साधन संपन्न कंपनी है। अतीत में उपभोक्ता अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में लीक से हट कर नई पहल करने और उनमें बड़ी कामयाबियां हासिल करने में वह सफल रही है। इस रिकॉर्ड को देखते हुए लाजिमी है कि उसके हर एलान से लोगों गहरी दिलचस्पी पैदा होती है। कॉल–एजेंट श्हे जियोन्य कहने भर से कॉल ट्रांसक्रिप्शन, सारांश, एक्शन आइटम, रिमाइंडर, मीटिंग नोट्स, राइड बुकिंग, फूड ऑर्डर, टेबल रिजर्वेशन आदि जैसी सेवाएं देगा। इसका इस्तेमाल भारत की सभी भाषाओं में किया जा सकेगा। बहरहाल, यह कोई नई राह बनाने वाली बात नहीं है। यह पहल इस समझ के अनुरूप ही है कि भारत एआई यूजर्स के सबसे बड़े बाजार के रूप में उभर सकता है। असल मुद्दा यह है कि क्या अपनी खास जरूरतों के मुताबिक एआई का संप्रभु सिस्टम एवं प्रतिमान विकसित करने की दिशा में भारत बढ़ रहा है? जियो का प्रस्तावित श्संप्रभु एआई बैकबॉनन्य क्या इस कमी को पूरा कर पाएगा? रिलायंस ने जामनगर में स्थित डेटा सेंटर, कच्छ स्थित क्लीन एनर्जी हब, एनविडिया के जीबी–300 चिप आधारित जीपीयू के उत्पादन आदि की योजना के जरिए इस दिशा में महत्त्वपूर्ण दावा किया है।लेकिन कंपनी यह दावा तभी पूरा कर सकेगी, अगर वह डेटा सेंटर के साथ–साथ एआई हार्डवेयर उत्पादन का भी स्वदेशी ढांचा खड़ा करे। एनवीडिया के चिप संप्रभु होने की गुंजाइश नहीं देते। उन पर अमेरिकी सरकार का नियंत्रण बना रहता है, जैसाकि चीन के मामले में जाहिर हुआ था। फिर रिलायंस की अमेरिकी कंपनी मेटा के साथ गहरी रणनीतिक साझेदारी है। अब तक रिलायंस हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के मामले बाहर से आयात और मोटे तौर पर अमेरिकी प्रतिमानों पर निर्भर रही है। देश में तकनीक इन्फ्रास्ट्रक्चर और अनुसंध ाान परिवेश की कमजोरियां भी इसकी एक बड़ी वजह हैं।

## पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा जशपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विविध पर्यटन स्थलों के कारण प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है।प्राकृतिक वादियां, झरने और शांत वातावरण पर्यटकों को कर रहे आकर्षितप्राकृतिक वादियां, झरने और शांत वातावरण पर्यटकों को कर रहे आकर्षितहरी–भरी पहाड़ियां, घने साल के जंगल, कल–कल बहते झरने, स्वच्छ नदी–नाले और शांत वातावरण जशपुर को प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनाते हैं। महानगरों की व्यस्त और भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर सुकून के कुछ पल बिताने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं।प्राकृतिक वादियां, झरने और शांत वातावरण पर्यटकों को कर रहे आकर्षितजशपुर में प्रकृति, रोमांच, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम देखने को मिलता है। जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्थित पर्यटन स्थल हर वर्ष हजारों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।रानीदाह जलप्रपातजशपुर मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित रानीदाह जलप्रपात हरी–भरी पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच स्थित है। वर्षा ऋतु में इसकी प्राकृतिक छटा और भी मनमोहक हो जाती है। यह पिकनिक एवं प्रकृति प्रेमियों के लिए पसंदीदा स्थल है।कैलाश गुफाबगीचा विकासखंड में स्थित कैलाश गुफा घने जंगलों के बीच प्राकृतिक रूप से निर्मित अद्भुत गुफा है। यहां भगवान शिव का मंदिर तथा संत गहिरा गुरु का आश्रम स्थित है। यह स्थान आध्यात्मिक शांति एवं प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम संगम प्रस्तुत करता है।राजपुरी जलप्रपातबगीचा विकासखंड का राजपुरी जलप्रपात अपनी प्राकृतिक सुंदरता और मनोरम वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यहां पहुंचकर पर्यटक प्रकृति के बीच अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त करते हैं।
मयाली नेचर कैम्पकुनकुरी विकासखंड का मयाली नेचर कैम्प एडवेंचर और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यहां बोटिंग सहित प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया जा सकता है।विश्व का सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग दृ मधेश्वर पहाड़कुनकुरी क्षेत्र में स्थित मधेश्वर पहाड़ प्राकृतिक रूप से शिवलिंग के आकार का विशाल पर्वत है। इसे विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यह स्थल धार्मिक आस्था और प्राकृतिक आश्चर्य दोनों का अद्भुत उदाहरण है।

# क्या नितिन गडकरी की 20 नीति की वजह से खराब हो रही हैं गाड़ियां?

हम आपको बता दें कि ई20 यानी पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। ताजा मामले में बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप ने अपनी टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस में आई खराबी का आरोप सीधे ई20 पेट्रोल और सरकार की नीति पर लगाया है।केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पर इन दिनों चौतरफा हमले हो रहे हैं। कभी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ई20 पेट्रोल को वाहनों की खराबी का कारण बताया जा रहा है, तो कभी सड़कों पर उतरने की चेतावनी देकर केंद्र सरकार की एथनॉल नीति के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, जो लंबे समय से एथनॉल मिश्रित ईंधन को भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और किसानों की आय बढ़ाने का माध्यम बताते रहे हैं, अब उसी नीति को लेकर गंभीर सवालों के घेरे में हैं। भौगोलिकसंदर्भहम आपको बता दें कि ई20 यानी पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। ताजा मामले में बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप ने अपनी टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस में आई खराबी का आरोप सीधे ई20 पेट्रोल और सरकार की नीति पर लगाया है। मनीष का दावा है कि उनकी दो महीने पुरानी और लगभग 12 हजार किलोमीटर चली गाड़ी का इंजन अचानक खराब हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्यूल टैंक से निकाले गए पेट्रोल में 20 प्रतिशत से अधिक एथनॉल और अशुद्धियां मिलीं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वह काफी भावुक नजर आए और बोले कि लाखों रुपये खर्च कर खरीदी गई गाड़ी इतनी जल्दी खराब हो जाना गंभीर चिंता का विषय है।देखा जाये तो मनीष कश्यप अकेले नहीं हैं। देशभर में हजारों वाहन मालिक माइलेज घटने, इंजन परफॉर्मेंस कम होने और वाहनों में तकनीकी समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। कई वीडियो में गुलाबी रंग का पेट्रोल, टंकी में पानी जैसी परत और अन्य अशुद्धियां दिखाकर दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल में एथनॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक है। हालांकि सरकार और पेट्रोलियम मंत्रालय इन दावों को खारिज कर रहे हैं।इस विवाद ने अब राजनीतिक और सामाजिक रूप भी ले लिया है। राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला ने दिल्ली के जंतर मंतर पर ई20 नीति के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान किया है। ष्टीम भारत अगेंस्ट द एथनॉल स्कैमष के बैनर तले प्रस्तावित इस प्रदर्शन को एथनॉल नीति के खिलाफ पहला बड़ा सार्वजनिक आंदोलन बताया जा रहा है। पूनावाला का कहना है कि लोग एथनॉल नीति के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसकी जल्दबाजी में की गई क्रियान्वयन प्रक्रिया और उपभोक्ताओं को विकल्प न दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली तो कुछ लोग नितिन गडकरी के आवास के बाहर धरने पर बैठ सकते हैं। देखा जाये तो विवाद केवल वाहन खराबी तक सीमित नहीं है। एक उद्योगपति ने भी सरकार की ई20 नीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में हुई सुनवाई का हवाला देते हुए कहा कि सरकार जनता के सामने इस योजना को पूरी तरह सफल बता रही है, लेकिन अदालत में इसे अभी भी ष्चल रहा प्रयोगष बताया गया। हालांकि बाद में अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने इस दावे को गलत बताया। वहीं उक्त उद्योगपति का कहना है कि असली चिंता उन उद्योगों और निवेशकों की है जिन्होंने सरकार की नीति पर भरोसा करके एथनॉल संयंत्रों में अरबों रुपये का निवेश किया। यदि एथनॉल की खरीद और मांग ही निश्चित नहीं है, तो निवेशकों को किस भरोसे निवेश के लिए प्रेरित किया गया।हम आपको बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय में यह मामला भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश से जुड़ा था, जिसमें एथनॉल आवंटन प्रक्रिया को दोबारा खोलने की बात कही गई थी। इस सुनवाई के दौरान यह भी सवाल उठा कि सरकार द्वारा एथनॉल खरीद की बाध्यता वास्तव में कितनी मजबूत है। आलोचकों का कहना है कि यदि खरीद केवल ष्सर्वश्रेष्ठ प्रयासष के आधार पर होगी तो उद्योगों की वित्तीय स्थिरता पर खतरा पैदा हो सकता है।सोशल मीडिया पर कई लोगों ने एथनॉल नीति के आर्थिक और कृषि प्रभावों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि ई20 कार्यक्रम भारत को विदेशी मक्के और उससे बने उत्पादों पर अधिक निर्भर बना सकता है। सोशल मीडिया यूजर्स ने यह भी आरोप लगाया है कि यह नीति अब किसान केंद्रित कम और आयात आधारित ढांचे जैसी अधिक दिखाई देने लगी है।

# भारत ने सबसे बड़े ऊर्जा संकट का कैसे सामना किया

हरदीप सिंह पुरी

जब फरवरी के अंत में होर्मुज की खाड़ी बंद हुई, तो भारत सरकार ने एक प्राथमिकता का चयन किया – हमारे देश के नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर समुदायों, को अभूतपूर्व आपूर्ति और मूल्य व्यवधानों से सुरक्षित रखना। इस प्राथमिकता के आस–पास ही अन्य प्रयास किये जाने थे। यह भावना खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की थी और यह आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा व्यवधान के लगभग चार महीनों तक बनी रही।

तथ्यों के पता चलने से पहले ही भारत को लेकर निर्णय किये जा रहे थेरू तर्क यह था कि एक ऐसा देश, जो अपने कच्चे तेल का 85त्न से अधिक आयात करता है, होर्मुज के बंद होने से संभल नहीं पायेगा, जिससे होकर दुनिया का 20–30त्न से अधिक हाइड्रोकार्बन गुजरता है। पेट्रोल पंप में कुछ ही दिनों में तेल खत्म हो जाएगा, कीमतें आसमान छुएंगी (जैसे कि कई अन्य देशों में हुआ) और अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। आज स्टॉक भरे हुए हैं, पंप खुले हैं, और भारतीय उपभोक्ता ने इस संकट के दौरान ऊर्जा के लिए दुनिया के किसी भी अन्य उपभोक्ता की तुलना में कम भुगतान किया है। यह स्पष्ट करना जरूरी है कि इसे कैसे किया गया और इससे गलत आख्यानों को जवाब भी मिल जाएगा।

28 फरवरी को ईरान पर हमलों से वैश्विक ऊर्जा मानचित्र पर सबसे महत्वपूर्ण मार्ग–खंड बंद हो गया और एलपीजी आपूर्ति ने भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश की, क्योंकि दुनिया में केवल अमेरिका और मध्य पूर्व ही प्रमुख एलपीजी निर्यातक हैं। भारत की लगभग 60त्न एलपीजी पहले मध्य पूर्व से आती थी और यह आपूर्ति तुरंत लगभग शून्य हो गई। फिर आपूर्ति और मांग, दोनों को लेकर एक युद्धकक्ष ऑपरेशन शुरू हुआ, हर कार्गो, हर रिफाइनरी, हर बॉटलिंग प्लांट की निगरानी की गयी, ताकि पूरे देश के सभी रसोईघरों में खाना पकाने के लिए आग जलती रहे। आपूर्ति के संबंध में, 8 मार्च को एलपीजी नियंत्रण आदेश पारित किया गया, जिसके तहत सभी रिफाइनरियों को अपना एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने के लिए सभी सी3–सी4 कार्बन स्ट्रीम को बदलने का निर्देश दिया गया। जो रिफाइनरी कभी कुकिंग गैस नहीं बनाती थीं, बदलाव किया गया और उत्पादन 35 टीएमटी प्रति दिन से बढ़कर 54 टीएमटी प्रति दिन हो गया। युद्ध की सर्वाधिक विभीषिका के दौरान, जब होर्मुज से कोई भी जहाज बाहर नहीं निकल रहा था, तब 12 से अधिक भारतीय एलपीजी जहाजें चुपचाप होर्मुज से बिना कोई टोल दिए निकाल दी गईं – किसी भी देश के लिए यह सबसे बड़ी संख्या थी। कार्गो सुरक्षित किए गए तथा यानबू और फुजैरा बंदरगाहों से लाल सागर रास्ते के जरिए कार्गो जहाज–से–जहाज स्थानांतरित किये गये। अमेरिका से कार्गो को सुरक्षित करने की स्थिति में भी खाली जहाज भेजे गए, नए माल लेने के लिए जहाज हॉर्मुज के अंदर भेजे गए तथा अल्जीरिया, जापान और कनाडा जैसे कई देशों के साथ नई आपूर्ति व्यवस्था शुरू की गयी। मैंने हर उस देश के ऊर्जा मंत्री से कई बार बात की, जो एलपीजी निर्यात कर सकता था। मैं यह बात कहना चाहता हूँ कि खाड़ी क्षेत्र के अंदर या बाहर का हर उत्पादक, जिसके साथ हमने व्यापार किया, हमारे साथ खड़ा रहा।

हालांकि, आपूर्ति प्रयास का केवल आधा हिस्सा था, क्योंकि मांग को भी प्राथमिकता देना जरूरी था। घरों में जाने वाला रसोई गैस पूरा सुरक्षित रखा गया और इस कीमती आपूर्ति को काले बाजारियों से बचाने के लिए डिजिटल सत्यापन कोड अनिवार्य किया गया। हर नागरिक को उनके जरूरत के समय सिलेंडर मिलें, लेकिन कोई भी सिलेंडर जमा न कर सके, इसके लिए 25 दिन और 45 दिन की सीमा लगाई गई। चूँकि, वाणिज्यिक सिलेंडरों को नियंत्रित नहीं किया जाता और कोई भी खरीदार उपलब्ध पूरी आपूर्ति एक साथ खरीद सकता था, इसलिए इन्हें उद्योग संघों और राज्य नागरिक आपूर्ति विभागों के माध्यम से भेजा गया, ताकि हर किसी को पर्याप्त मिले और कोई भी जमा न कर सके। उद्योग को पाइप प्राकृतिक गैस अपनाने के लिए कहा गया, बड़े रसोईघरों और प्रतिष्ठानों को अन्य ईंधनों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जहाँ संभव था और घरेलू पाइप गैस और सीएनजी को बिना कटौती वाले वर्ग में रखा गया। सरकार के सभी विभागों ने मिलकर नगर निगम की शीघ्र मंजूरी के जरिए पाइप गैस कनेक्शनों की ओर बदलाव को संभव बनाया। कई उपभोक्ता, जिनमें प्रवासी भी शामिल थे, एजेंट से सिलेंडर खरीदते थे, जो अब डीएसी की शर्तों के कारण सिलेंडर नहीं ला पा रहे थे, इसलिए पूरे देश में 5 किलो का मुफ्त व्यापार सिलेंडर उपलब्ध ा कराया गया, जब तक इसका इस्तेमाल लगभग दोगुना नहीं हो गया। लोगों में भय पैदा करने वाले और खराब स्थिति बताने वाले झूठी अफवाहें फैलाने लगे और झूठे वीडियो शेयर करने लगे ताकि कमी, घबराहट और अराजकता का माहौल पैदा किया जा सके, जबकि सरकार हर दिन युद्धकक्ष मोड में कई क्रांतिकारी कदम उठा रही थी, ताकि देश में किसी भी जगह आपूर्ति में बाधा न आये।

इस सब के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का दृढ़ संकल्प था – भारतीय नागरिक को सुरक्षा दी जायेगी चाहे खजाने पर कितना भी बोझ क्यों न पड़े कृरूस–यूक्रेन संघर्ष और जीवन को संकट में डालने वाली कोविड चुनौती से पैदा हुए ऊर्जा संकट के दौरान यही श्भारत की राह्न्य रही है। फरवरी और जून के बीच, रसोई गैस के अंतरराष्ट्रीय मानक, सऊदी सी पी, में लगभग 50त्न की वृद्धि हुई, और फिर भी, उस आयात दर पर ?1,600 से अधिक की कीमत वाला सिलेन्डर उज्ज्वला घर तक ?642 में पहुँचा। मोदी सरकार हर उज्ज्वला सिलेंडर पर लगभग ?900 का और हर अन्य घर के लिए जाने वाले सिलेंडर पर करीब ?600 का नुकसान उठाती है, आज सभी भारतीय परिवार अपने रसोई गैस के लिए पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, स्पेन या फ्रांस के घरों की तुलना में बहुत कम भुगतान कर रहे हैं।

मार्च में केंद्रीय उत्पाद शुल्क में ?10 प्रति लीटर की कटौती का साहसिक निर्णय लिया गया, जिससे कीमत–वृद्धि में कमी आयी, जबकि कच्चे तेल की कीमत लगभग दोगुनी हो गयी थी और सरकारी तेल कंपनियों ने इस तिमाही में हर दिन 500 से 1000 करोड़ रुपये तक का नुकसान उठाया।

# आज का राशिफल

मेष राशि
आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको लोगों की मदद मिलती रहेगी, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे। परिवार वालों के साथ आप खुशियों के पल बिताएंगे।

वृष राशि
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कोर्ट–कचहरी के मामलों में जीत हासिल होगी,

मिथुन राशि
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज युवाओं को रोजगार के बेहतर प्लेसमेंट अवसर प्राप्त होने की संभावना है।

कर्क राशि –
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जिस काम के पूरा होने का आप काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे आज वह पूरा हो जाएगा, जिससे आप तनाव मुक्त महसूस करेंगे।

सिंह राशि
आज आपका दिन घूमने–फिरने में अधिक बीतेगा। आज घर पर अचानक मेहमानों का आगमन होगा।

कन्या राशि–
आज कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। समाज में आपका मान–सम्मान बढ़ेगा।

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिए नए अनुभव लेकर आएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को आज अच्छी खबर मिलेगी।

वृश्चिक राशि –
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। आज सोचा हुआ आपका काम निश्चित समय पर पूरा हो जाएगा।

धनु राशि–
आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा।

कुंभ राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा।

मीन राशि–
आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। आज करियर में आपको मनचाही सफलता मिलेगी साथ ही कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।

## अण्डर-15 एशियन बालक कुश्ती चैम्पियनशिप थाइलैण्ड में आजमगढ़ के विवेक चौहान ने 85 किग्रा0 भार में जीता गोल्ड मेडल

आजमगढ़ 3 जुलाई(आर एन एस)एशियन कुश्ती संघ द्वारा आयोजित अण्डर–15 एशियन बालक कुश्ती चौम्पियनशिप थाइलेण्ड में दिनांक 26 जून से 30 जून, 2026 तक किया गया। उक्त चौम्पियनशिप में भारतीय टीम से आजमगढ़ के विवेक चौहान ने प्रतिभाग कर 85 किग्रा0भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर जनपद का नाम रौशन किया। पूर्व में विवेक चौहान स्थानीय सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में श्री जय प्रकाश यादव उप क्रीड़ाधिकारीध्कुश्ती प्रशिक्षक एवं श्री गोविन्द यादव खेलो इण्डिया कुश्ती प्रशिक्षक की देख रेख प्रशिण प्राप्त कर रहे थे। वर्तमान समय में आवासीय कुश्ती छात्रावास गोरखपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। विवेक चौहान जनपद आजमगढ़ ग्राम चन्दौका पठखौली आजमगढ़ के निवासी है। इनके पिता जी कीसान है, यह अपने ग्राम से स्टेडियम में प्रतिदिन अभ्यास करने हेतु साइकिल से आते थे। इनकी मेहनम लगन के बदौलत वर्ष 2025 में इनका कुश्ती खेल छात्रावास गोरखपुर में चयन किये गये। इनकी बहन प्रिया चौहान भी राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती खिलाडी है। दिनांक 01 जुलाई, 2026 को आगमन पर सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में श्री सिराजुद्दीन क्रीडाधिकारी एवं श्री जय प्रकाश यादव उप क्रीड़ाधिकारी व समस्त प्रशिक्षकगण द्वारा विवेक चौहान को माल्यर्पाण एवं पुरस्कृत कर भव्य स्वागत किया गया पुरा स्टेडियम परिवार इनकी उपलब्धी हर्ष व्यक्त करते हुए आगे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

## आजमगढ़ में अलग-अलग हादसों में वृद्ध व किशोर की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे

आजमगढ़ (आर एस एन)जिले के फूलपुर और पवई थाना क्षेत्रों में अलग–अलग घटनाओं में एक 63 वर्षीय वृद्ध और 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने इत्तेफाकिया सूचना दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

फूलपुर में सड़क हादसे में वृद्ध की मौतफूलपुर कोतवाली क्षेत्र के खुटौली गांव निवासी श्रीराम (63) पुत्र स्व. सूर्यबली यादव गुरुवार रात करीब आठ बजे दुर्वासा बाजार से मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। डिग्री कॉलेज के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर–ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई। परिजनों के अनुसार, सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी आंखों पर पड़ने के कारण उन्हें खड़ी ट्रैक्टर–ट्रॉली दिखाई नहीं दी, जिससे हादसा हो गया। गंभीर रूप से घायल श्रीराम को ताहिर मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र देवदास की तहरीर पर पुलिस ने सूचना दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पवई में सर्पदंश से किशोर की गई जानउधर, पवई थाना क्षेत्र के टैनी गांव निवासी राकेश कुमार (16) पुत्र सिकंदर गुरुवार को ग्राम ओरिल गढ़वा दबदबा में काम करने गए थे। देर रात करीब तीन बजे उन्हें जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सत्य प्रकाश की सूचना पर पवई थाना पुलिस ने इत्तेफाकिया सूचना दर्ज कर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।दोनों मामलों में पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ग्राम प्रधान पर करोड़ों की नहीं, लेकिन सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोपय ग्रामीण ने डीएम से उच्चस्तरीय जांच की लगाई गुहार

आजमगढ़ (आर एस एन)जनपद के जीयनपुर कोतवाली अंतर्गत कटाई अलीमुद्दीनपुर गांव निवासी एक ग्रामीण ने अपनी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के कथित दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं भौतिक जांच कराने की मांग की है।कटाई अलीमुद्दीनपुर निवासी रमेश राय पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र राय तथा जयप्रकाश राय भूतपूर्व सैनिक ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान श्रीमती पूजा यादव के कार्यकाल के दौरान पिछले पांच वर्षों में विभिन्न विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। उनका कहना है कि कई कार्यों का भुगतान तो कर दिया गया, लेकिन धरातल पर वे कार्य दिखाई नहीं देते या अधूरे हैं।रमेश राय तथा जयप्रकाश राय का आरोप है कि स्ट्रीट लाइट, सफाई किट, हैंडपंप मरम्मत, डस्टबिन, खड़ंजा, नाली निर्माण एवं मरम्मत, रिबोर सहित कई मदों में कथित रूप से फर्जी भुगतान कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक कार्य का भौतिक सत्यापन कराया जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।पत्रकारों से बातचीत में रमेश राय ने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई संभव होगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि शासन की विकास योजनाओं का लाभ वास्तव में जनता तक पहुंच सके।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा

आजमगढ़ (आर एस एन)विकास खंड पवई के खंडौरा गांव में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण स्थल, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, साफ–सफाई, पेयजल, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों को पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात प्रबंधन एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी फूलपुर अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी किरण पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी पवई संतोष कुमार, थानाध्यक्ष पवई मनीष पाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

## सुभासपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने ललित नाथ वर्मा

आजमगढ़ (आर एस एन)सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए युवा नेता ललित नाथ वर्मा को युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।ललित नाथ वर्मा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा प्रदेशभर में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा तथा अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का कार्य करेगा।प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ललित नाथ वर्मा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार माननीय ओमप्रकाश राजभर , राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डा अरविंद राजभर एवं प्रदेश अध्यक्ष रुद्र राजन राजभर सहित समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास और जिम्मेदारी के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उसका वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, युवाओं के हितों की आवाज बुलंद करना तथा पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने ललित नाथ वर्मा को शुभकामनाएँ देते हुए [illegible]

## आपरेशन वज्रपात के तहत पुलिस ने सोशल मीडिया पर गैंगस्टर स्टाइल रील बनाकर दहशत फैलाने का प्रयास करने वाले 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार

आजमगढ़ (आर एस एन)वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शुभम तोदी के कुशल नेतृत्व में जनपद में संचालित ष्ऑपरेशन वज्रपातष के तहत सोशल मीडिया पर बढ़ती गैंग संस्कृति एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के दौरान थाना कन्धरापुर पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि कुछ युवक फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर गैंग बनाकर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए हथियारनुमा वस्तु के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं, जिससे आमजन में भय एवं असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न होने की संभावना थी।

जांच के दौरान यह पाया गया किकृ

1. बदरे आलम पुत्र नुरूलहुदा, निवासी बिसौली, थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़, उम्र लगभग 19 वर्ष।
2. उबैद अहमद पुत्र नूर अहमद, निवासी बिसौली, थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़, उम्र लगभग 22 वर्ष।

द्वारा प्लास्टिक के तमंचे के साथ वीडियो बनाकर फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर रील पोस्ट कर स्वयं का रौब एवं गैंगस्टर जैसी छवि प्रदर्शित की जा रही थी।

थाना कन्धरापुर पुलिस द्वारा दोनों युवकों को चिन्हित कर धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात थाना परिसर में उनके अभिभावकों की उपस्थिति में विस्तृत काउंसलिंग कर कानून एवं शांति व्यवस्था, यातायात नियमों तथा सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी दी गई।

## गंभीरपुर पुलिस चौकी प्रभारी संदीप दुबे का पल्हना पुलिस चौकी पर हुआ स्थानांतरण, विदाई समारोह का हुआ आयोजन

आजमगढ़ (आर एस एन)गंभीरपुर थाना के गंभीरपुर पुलिस चौकी प्रभारी संदीप दुबे का गंभीरपुर से पल्हना पुलिस चौकी प्रभारी के रूप में स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को सुबह 10रू00 बजे पुलिस चौकी परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पुलिस चौकी प्रभारी संदीप दुबे को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बताते चले की आजमगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा कई थाना प्रभारी व पुलिस चौकी प्रभारी का स्थानांतरण किया गया था उसी क्रम में गंभीरपुर पुलिस चौकी प्रभारी संदीप कुमार दूबे का स्थानांतरण पल्हना पुलिस चौकी प्रभारी के रूप में किया गया था। शुक्रवार को पुलिस चौकी परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता विजय प्रकाश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित गणमान्य लोगों ने चौकी प्रभारी का माल्यार्पण किया उसके उपरांत अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भाजपा नेता विजय प्रकाश मिश्रा ने कहा कि चौकी प्रभारी का लगभग 19 महीने का कार्यकाल जो गंभीरपुर पुलिस चौकी पर रहा वह सराहनीय रहा। सम्मान से अभिभूत होकर पुलिस चौकी प्रभारी संदीप दुबे ने कहा कि यहां की क्षेत्र की जनता, गणमान्य लोग मुझे जो स्नेह और प्यार दिए उसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। इस मौके पर वीरेंद्र पाठक, शशिकांत उपाध्याय उर्फ डब्लू मास्टर, इंद्रेश राय, पद्माकर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मनीष राय, ग्राम प्रधान संतोष कुमार, कुंदन मिश्रा, समाजसेवी संदीप सेठ,इसरास अहमद,पत्रकार राम अवतार स्नेही, राहुल कुमार पाण्डेय समेत पूरा स्टॉफ मौजूद था।

## निजामाबाद के उपजिलाधिकारी जनता की समस्या को 10 बजे से 12 बजे तक सुनते है

आजमगढ़ (आर एस एन)निजामाबाद के उपजिलाधिकारी जनता की समस्या के समाधान के लिए रोज जनता दरबार लगाते हैं।रोज सुबह अपने चौम्बर में 10 बजे से 12 बजे तकअपने चौम्बर में बैठ जाते हैं और दरबार में जनता की समस्या बहुत गौर से सुनते हैं और उनके समाधान के लिए नवागत नायब तहसीलदार राहुल कुमार सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपते हैं।बेहद शांत खुश मिजाज हृदय के नवागत नायब तहसीलदार क्षेत्र में जाकर देखकर उपजिलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट सौंपते हैं फिर उपजिलाधिकारी अपना निर्णय सुनाते है।उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह के निर्णय से क्षेत्र की जनता बेहद खुश है।आज क्षेत्र की जनता अपनी हर छोटी या बड़ी समस्या उपजिलाधिकारी से कह पा रही है और उसका निदान भी हो जा रहा है जिसके कारण जनता बेहद खुश है।आज निजामवाद तहसील पर सभी अधिकारी काफी अच्छे और सुलझे हुए आए हुए हैं जनता जिनसे बिना किसी संकोच के अपनी समस्या स्थापित करती है और उसे उसका समाधान भी मिल जाता है.उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह खुद बहुत सरल हृदय कोमल बचन के धनी अधिकारी हैं ,आज क्षेत्र की जनता बिना रोक टोक अपनी समस्या उपजिलाधिकारी से कह पा रही है और उपजिलाधिकारी जनता की समस्या का समाधान तुरंत कर देते हैं या टीम गठित कर नवागत नायब तहसीलदार राहुल कुमार सिंह को मौका पर भेज कर समस्या का समाधान करवाते हैं जब स्वयं उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह खुद इतने अच्छे अधिकारी हैं तो तहसील अच्छी ही है।केवल निजामाबाद तहसील पर एक शिकायत है और जनता परेशान भी है कोर्ट नहीं चलती।कोर्ट नहीं चलती है।क्षेत्र की जनता की शिकायत है कि रोज कोर्ट ही बंद रहती है किसी का मुकदमा दो साल पुराना है तो किसी का तीन साल पुराना मुकदमा है।वकील कोर्ट चलने ही नहीं देते है।उपजिलाधिकारी के कोर्ट का बहिष्कार वकीलों ने किया हुआ है।

## आजमगढ़ जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में मिलावट की अफवाह निराधार, जांच के बाद प्रशासन का खंडनय अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

आजमगढ़ (आर एस एन)जनपद स्थित मंडलीय जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से आपूर्ति किए जाने वाले रक्त में मिलावट की सोशल मीडिया पर वायरल हो रही अफवाहों को अस्पताल प्रशासन ने पूरी तरह निराधार बताया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि शिकायत के बाद तत्काल तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर पूरे मामले की जांच कराई गई, जिसमें ब्लड बैंक के स्टॉक में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं पाई गई।अस्पताल के अधीक्षक डॉ सतीश चंद्र कनौजिया ने बताया कि ब्लड बैंक की सभी रक्त इकाइयां निर्धारित मानकों के अनुसार छ।ब्र (नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन) की गाइडलाइन के तहत आवश्यक जांच के बाद ही मरीजों को उपलब्ध कराई जाती हैं। वायरल हो रही भ्रामक सूचनाओं के कारण मरीजों एवं उनके परिजनों में अनावश्यक भय का माहौल उत्पन्न हुआ, जिसे देखते हुए प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है।अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर बिना किसी तथ्य के भ्रामक एवं झूठी जानकारी प्रसारित करने वालों की पहचान की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित लोगों के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।अस्पताल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट या भ्रामक संदेश पर विश्वास न करें और बिना सत्यापन के ऐसी सूचनाएं सोशल मीडिया पर साझा न करें।

## पुलिस के कारण महिलाओं एवं बच्चों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

आजमगढ़ (आर एस एन)वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में लंबित भरणदृपोषण से संबंधित मामलों को चिन्हित कर उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए व्यापक एवं प्रभावी कार्यवाही की गई।महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सुनिश्चित करने हेतु शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत जनपद आजमगढ़ पुलिस द्वारा महिला अधिकारों की रक्षा एवं न्याय दिलाने की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय एवं प्रभावशाली पहल की गई है।प्रमुख उपलब्धियाँ बिंदु1. लंबित मामलों की गहन समीक्षा मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के शुभारंभ के उपरांत जनपद के सभी थानों में महिलाओं से संबंधित भरणदृपोषण के लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। थानों के पैरोकारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रत्येक वाद को माननीय न्यायालय में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए, जिससे पीड़िताओं को शीघ्र न्याय मिल सके।2. माननीय न्यायालय में सशक्त एवं प्रभावी पैरवी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में पुलिस पैरोकारों एवं थाना स्तर के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक प्रकरण का सूक्ष्म अध्ययन कर माननीय न्यायालय में निरंतर उपस्थिति के माध्यम से सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गई। वर्षों से भरणदृपोषण की धनराशि से वंचित महिलाओं एवं उनके बच्चों को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता रहा।3. रिकॉर्ड समय में धनराशि दिलाई गई मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत दिनांक– 01.06.2026 से 30.06. 2026 तक प्रभावी पैरवी के माध्यम से कुल 92 मामलों में पीड़ित महिलाओं को ध 7,43,300ध– (सात लाख, तैतालिस हजार, तीन सौ रूपयें) की भरणदृपोषण धनराशि दिलाई गई। इस प्रकार दिनांक 22.09.2025 से 30.06.2026 तक कुल 553 भरणदृपोषण के मामलों में प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरूप ध 81,81,000ध– (इक्यासी लाख, इक्यासी हजार रूपयें) की धनराशि पीड़ित महिलाओं के बैंक खातों में प्रेषित कराई जा चुकी है।4.सामाजिक प्रभाव भरणदृपोषण की धनराशि प्राप्त होने से आर्थिक संकट से जूझ रही महिलाओं एवं उनके बच्चों को बड़ी राहत मिली है। कई परिवारों के जीवनयापन में स्थायित्व आया है। इस पहल से महिलाओं का न्याय प्रणाली एवं पुलिस प्रशासन पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है, तथा पीड़िताओं के चेहरों पर पुनः मुस्कान लौट आई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार ने कहा "मिशन शक्ति 5.0 अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, न्याय और सम्मान प्रदान करना है। भरणदृपोषण से जुड़ी पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाना जनपद पुलिस की प्राथमिकता है। महिला हितों से जुड़े प्रत्येक प्रकरण में संवेदनशीलता, तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।"जनपद आजमगढ़ पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित अन्य लंबित प्रकरणों को भी चिन्हित कर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है, ताकि प्रत्येक पीड़िता को समयबद्ध न्याय मिल सके।

## चेतावनी पर जागा प्रशासन, वार्ता के लिए परिवहन आयुक्तने बुलाया लखनऊ

आजमगढ़ (आर एस एन)वाहन चालक कल्याण समिति संपूर्ण भारत के आह्वान पर रिक्शा स्टैंड पर रविवार को शुरू अनिश्चितकालीन धरने के चौथे दिन आखिरकार प्रशासन जाग उठा। अनशन और भिक्षाटन की घोषणा की जानकारी पर शुक्रवार को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुनील दत्त व एआरटीओ प्रवर्तन अतुल कुमार यादव ने धरना स्थल पर पहुंचकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव से वार्ता की। पूरी बात सुनने के बाद परिवहन आयुक्त को अवगत कराया। आरटीओ ने बताया कि ऊपर से कहा गया है कि समय लेकर चार दिन बाद मंगलवार को चालक लखनऊ आ जाएं, जहां उनकी समस्याओं पर चर्चा होगी और विभाग के स्तर पर होने वाली समस्याओं का समाधान किया जाएगा। तीन दिनों तक किसी के न पहुंचने के सवाल पर आरटीओ ने सफाई दी कि आज ही उन्हें आंदोलन की जानकारी मिली है। किसी दबाव के कारण यहां वार्ता करने नहीं आए हैं। संगठन के अध्यक्ष से वार्ता हुई है और उन्होंने शाम तक धरना समाप्त करने को कहा है।इस संबंध में वाहन चालक कल्याण समिति संपूर्ण भारत के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि हम अधिकारियों के आश्वासन से सहमत हैं और शाम तक धरना समाप्त कर देंगे। साथ ही जोड़ा कि हम धरना खत्म नहीं, बल्कि स्थगित कर रहे हैं। मंगलवार को लखनऊ में परिवहन आयुक्त से वार्ता के बाद आंदोलन की अगली रणनीति की घोषणा की जाएगी। यादव ने कहा कि हमारी 10 सूत्रीय मांगों में राष्ट्रीय चालक आयोग, ड्राइवर सुरक्षा बोर्ड, चालक कल्याण बोर्ड की स्थापना प्रमुख हैं। साथ ही हमारी मांग है कि सरकार एक स्वतंत्र ऐसे विभाग की स्थापना करे जो हमारी समस्या को शासन तक पहुंचाए और समाधान के लिए मध्यस्थता करे।

## जनपद के अग्रणी बैंक यूनियन बैंक अश्फ इंडिया द्वारा सुरक्षा बीमा योजनाओं का चेक वितरण किया गया

आजमगढ़ (आर एस एन)जनपद के अग्रणी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आजमगढ़ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सुरक्षा बीमा योजनाओं के चेक का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि भारत सरकार की सुरक्षा योजनाओं के तहत 20 रु की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं 436 रु की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत जनता को बीमा प्रदान किया जाता है।यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इन्हीं योजनाओं के बीमाधारक के 6 परिजनों को बीमा का चेक प्रदान किया गया। चेक वितरण बैंक के अंचल प्रमुख वाराणसी श्री टी. कामेश्वर राव द्वारा उप अंचल प्रमुख श्री के डी गुप्ता, क्षेत्र प्रमुख आजमगढ़ उत्तर श्री मनीष कुमार, क्षेत्र प्रमुख आजमगढ़ दक्षिण श्री इश्तियाक अरशद एवं अन्य कार्यपालकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## मिशन सेफ फ्यूचर के तहत स्कूल बसों की सघन जांच, सुरक्षा मानकों का किया गया परीक्षण

आजमगढ़,(आर एन एस)जनपद आजमगढ़ में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए षमिशन सेफ फ्यूचरष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अतुल यादव द्वारा एक विद्यालय का निरीक्षण कर स्कूल बसों की सघन जांच की गई।निरीक्षण के दौरान स्कूल बसों में उपलब्ध सुरक्षा मानकों का गहन परीक्षण किया गया। बसों में रखे गए फायर सिलिंडरों की क्रियाशीलता का परीक्षण स्वयं बस चालकों से कराकर उनकी उपयोगिता एवं आपातकालीन स्थिति में प्रयोग की जानकारी सुनिश्चित की गई। साथ ही बसों के इमरजेंसी डोर, सुरक्षा उपकरणों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जांच की गई।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बस चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय पूर्ण सतर्कता बरतने तथा बच्चों के सुरक्षित आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयी वाहनों का नियमित अनुरक्षण एवं सुरक्षा उपकरणों की समय–समय पर जांच बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से भी अपील की कि सभी स्कूल बसों का संचालन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक वाहन में आवश्यक सुरक्षा उपकरण सदैव क्रियाशील अवस्था में उपलब्ध रहें।मिशन सेफ फ्यूचरष अभियान के अंतर्गत जनपद में विद्यालयी वाहनों की जांच एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं संरक्षित परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

### मण्डलीय जिला चिकित्सालय में दो सीटी स्कैन मशीनें पूर्णतः क्रियाशील, मरीजों को मिल रही निःशुल्क जांच सुविधा

आजमगढ़, (आर एन एस)प्रमुख अधीक्षक (पु), मण्डलीय जिला चिकित्सालय, आजमगढ़ ने जनपद के समस्त नागरिकों को अवगत कराया है कि मण्डलीय जिला चिकित्सालय में दो सीटी स्कैन मशीनें स्थापित हैं, जो वर्तमान में पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं तथा शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को निरंतर निःशुल्क सीटी स्कैन जांच सुविधा उपलब्ध करा रही हैं।उन्होंने बताया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को चिकित्सकों की आवश्यकता एवं चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर सीटी स्कैन जांच की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जा रही है। इससे मरीजों को निजी संस्थानों में महंगी जांच कराने की आवश्यकता नहीं पड़ती तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।प्रमुख अधीक्षक ने जनसामान्य से अपील की है कि यदि किसी मरीज को चिकित्सक द्वारा सीटी स्कैन जांच के लिए संदर्भित किया जाता है, तो वह मण्डलीय जिला चिकित्सालय, आजमगढ़ में उपलब्ध इस निःशुल्क सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी उद्देश्य से चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे जनसामान्य को बेहतर उपचार एवं जांच सेवाएं समय पर मिल सकें।

## निर्माण श्रमिकों से श्रम विभाग ने पंजीकरण कराने की अपील, 7 प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

आजमगढ़, (आर एन एस)उप श्रमायुक्त राजीव कुमार सिंह ने आजमगढ़ मंडल (आजमगढ़, मऊ एवं बलिया) के सभी पात्र निर्माण श्रमिकों से उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण कराकर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ द्वारा निर्माण श्रमिकों के हित में ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था संचालित की जा रही है। ऐसे निर्माण श्रमिक, जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच है तथा जिन्होंने पिछले एक वर्ष में कम से कम 90 दिनों तक निर्धारित 40 प्रकार के निर्माण कार्य अथवा मनरेगा कार्य किया है, वे बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट नचइवबू.पद अथवा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (ब्ब्)ध्जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## पंजीकरण हेतु आवश्यक अभिलेख

उप श्रमायुक्त ने बताया कि पंजीकरण के लिए श्रमिक का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, नामिनी का आधार कार्ड तथा पिछले एक वर्ष में 90 दिन कार्य करने का प्रमाण–पत्र अथवा स्व–घोषणा पत्र आवश्यक होगा।उन्होंने बताया कि पंजीकरण शुल्क 20 रुपये तथा नवीनीकरण शुल्क 20 रुपये प्रति वर्ष निर्धारित है। यदि कोई श्रमिक तीन वर्ष के लिए एक साथ नवीनीकरण कराना चाहता है तो वह 20 रुपये पंजीकरण शुल्क एवं 60 रुपये नवीनीकरण शुल्क, कुल 80 रुपये ऑनलाइन जमा कर सकता है।

## आजमगढ़ मंडल में लाखों श्रमिकों को मिला लाभ

उप श्रमायुक्त ने बताया कि वर्तमान में आजमगढ़ मंडल (आजमगढ़, मऊ एवं बलिया) में 7,70,267 निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं। विगत वर्ष विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र श्रमिकों को 18 करोड़ 82 लाख 84 हजार 237 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।उन्होंने मंडल के सभी पात्र निर्माण श्रमिकों से अपील की कि वे शीघ्र अपना पंजीकरण कराकर बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। अधिक जानकारी एवं आवश्यक सहयोग के लिए संबंधित जनपद के जिला श्रम कार्यालय अथवा निकटतम सीएससीध्जन सेवा केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

# जिले के होटल, शैक्षिक संस्थानो, अस्पताल, नर्सिंग होम के संचालकों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की उपस्थिति में चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा जनपद के समस्त रेस्टोरेंट, लाइब्रेरी शैक्षणिक संस्थानों नर्सिंग होम एवं अस्पताल आदि में मानको के अनुरूप आवश्यक गतिविधियों एवं अग्निशमन सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा अधिनियम 2016 के अन्तर्गत समस्त शैक्षणिक, सामुदायिक, व्यावसायिक अग्निशमन सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना विधिक रूप से अनिवार्य है। समस्त भू–स्वामी अग्निशमन सुरक्षा सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए भवनों में मानक अनुसार सम्बंधित उपकरण स्थापित करे। प्रत्येक सार्वजनिक भवनों में आपात स्थिति की दशा में दो निकास द्वार एवं निर्धारित चौडाई की सीढियां एवं आवश्यक जल भण्डारण जरूर स्थापित करे। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि मानकों की अनदेखी पर अब तक 17 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया जा चुका है। सभी कोचिंग, प्रशिक्षण संस्थानों को नियमानुसार संस्थान संचालित किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि मानक अनुसार बुनियादी सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित करने हुए कहा गया।

विकास प्राधिकरण सचिव द्वारा सभी प्रतिष्ठानों को स्वी.त मानचित्र के अनुरूप ही भवन उपयोग किये जाने के निर्देश दिये गये। जिन भवन स्वामियों द्वारा स्वी.त आवासीय मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक गतिविधिया संचालित की जा रही है को शीघ्र उपयोग के अनुसार मानचित्र स्वी.त करा ले। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर बल देते हुए कहा कि प्रायः संस्थानों में अग्निशमन उपकरण तो उपलब्ध होते है, परन्तु उनके संचालन के लिए स्टाफ प्रशिक्षित नही होता है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया कि वे अपनी टीम के माध्यम से जनपद के समस्त होटलों व संस्थान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करे। बैठक में जिलाधिकारी ने कडा रूख अपनाते हुए कहा कि जिन भवनों का मानचित्र आवासीय उपयोग के लिए स्वी.त है उनका व्यावसायिक के रूप में उपयोग पूर्णतयाः प्रतिबंधित है। सभी भवन स्वामी एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार मानचित्र स्वी.त करा ले एवं मानक अनुसार अग्निशमन सुरक्षा से सम्बंधित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए भवन में अग्निशमन सम्बंधित उपकरण स्थापित करे। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि एक एक सप्ताह के अन्दर कोचिंग संस्थानों द्वारा पंजीकरण न कराये जाने की स्थिति में निर्धारित जुर्माने की राशि अधिरोपित करे। निर्धारित समय–सीमा में सभी संस्थान अपनी कमियों में सुधार कर ले। अन्यथा की दशा में प्रशासन को सीलिंग, ध्वस्तीकरण जैसी कठोर कार्यवाही के लिए बाध्य होना पडेगा। यह व्यवस्था जनता की सुरक्षा के लिए है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी।

# नैनो उर्वरक को बढ़ावा देने का मिला प्रशिक्षण

चित्रकूट। उप क्षेत्र प्रबन्धक इफको रामवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को धरती माता बचाओ अभियान अंतर्गत संतुलित उर्वरक उपयोग एवं नैनो उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जनपद की समस्त सहकारी समितियों के सचिवों एवं सहकारी बिक्री केंद्रों विक्रेताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष एवं प्रगतिशील किसान योगेश जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सचिवों को जैव उर्वरक, बायो इंस्टूमुलेंट सागरिका, नेचुरल पोटाश, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक इत्यादि के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। निर्देशित किया गया कि समिति पर आने वाले किसानों को धान फसल के बजाय अन्य फसलें जैसे बाजरा, ज्वार, तिल, उर्द, मूंग व अरहर इत्यादि खेती करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही इन नवीन .षि आदान उत्पादों की तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं। जिससे किसान लाभान्वित हों एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को जनपद में कम किया जा सके। इफको एमसी क्रॉप साइंस लिमिटेड फतेहपुर के अधिकारी कपिल गंगवार द्वारा फसलों में लगने वाले, कीड़े, बीमारी इत्यादि के रासायनिक एवं जैविक नियंत्रण के उपाय की तकनीकी जानकारी दी गई। गत वर्ष नैनो उर्वरकों की सर्वाधिक बिक्री करने वाले सहकारी समिति सचिव प्रेमचंद को अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सम्मानित किया।

जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष योगेश जैन द्वारा नैनो उर्वरक पर अपने खेत में लगाए गए प्रदर्शन के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि जैविक खेती में जैविक उत्पादों के साथ–साथ वह नैनो डीएपी का भी उपयोग करते हैं। जिससे खेती में लाभ हो रहा है। किसानों को सही मूल्य पर सही जानकारी के साथ उर्वरक एवं अन्य .षि आदान उपलब्ध करने के लिए निर्देशित किया गया। एडीसीओ सहकारिता राजराजेश्वर सिंह ने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# समाजसेवी ने उठाई जन समस्याएं, सीडीओ ने निदान का दिया भरोसा

चित्रकूट। ग्राम पंचायत रुखमा खुर्द में आयोजित जन चौपाल में समाजसेवी मुकेश कुमार ने पाठा क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं एवं विकास कार्यों से संबंधित मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल के समक्ष रखा। बताया कि ग्राम पंचायत रुकमा बुजुर्ग में स्थापित पुस्तकालय को शिक्षा, ज्ञान और सामाजिक जागरूकता का सशक्त केंद्र बनाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। पशु चिकित्सालय में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तथा आवागमन के लिए सुगम मार्ग की मांग की। प्राथमिक विद्यालय सपहा में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था, सभी ग्राम पंचायतों में नालियों की नियमित साफ सफाई कराने तथा जहां नालियां क्षतिग्रस्त या अनुपलब्ध हैं वहां नई नालियों का निर्माण कराने की मांग उठाई। इसके साथ ही न्याय पंचायत रुखमा खुर्द के अंतर्गत खराब हैंडपंपो की मरम्मत कराकर ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित करने का आश्वासन दिया।

# समिति ने जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

## -रैली निकाल पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

चित्रकूट। विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली' के सहयोग से 'जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने जलवायु के लिए अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के गांव घाटी कोलान और खोह में पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यशाला, पर्यावरण जागरूकता रैली, पर्यावरण संरक्षण की शपथ तथा सामुदायिक संवाद का आयोजन किया गया। शहरोज फातिमा' ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस मनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। प्रत्येक व्यक्ति यदि वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे। वर्षा जल संरक्षण को अपनाए तथा एकल उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग बंद करे। आदित्य मिश्रा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का कम करने के लिये स्थानीय किसान प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, कुसुम योजना, मचान विधि सब्जी तकनीकी जैसी योजनाओं का लाभ लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं।

# पेड़ की डाल गिरी, किसान की मौत

चित्रकूट। पेड़ की डाल काट रहे किसान के ऊपर दूसरी डाल गिरने से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में शोक छा गया।

ये घटना कर्वी कोतवाली क्षेत्र के चकौंध के मजररा कंधईपुर में गुरुवार को सवेरे करीब नौ बजे हुई। बताया गया कि गांव का राजाभाई (52) पुत्र छतई लोधी सवेरे पेड़ की डाल काट रहा था। इस दौरान ऊपर की डाल टूटकर उस पर गिरने से घायल हो गया। परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज से वापस लौटते समय उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के तीन पुत्र, दो पुत्री, पत्नी चुनकीवा है।

# मोहना नदी के जीर्णोद्धार कार्य का हुआ शुभारंभ

चित्रकूट। जनपद की ग्राम पंचायत कोटवा के चचोखर मजरा में मोहना नदी के जीर्णोद्धार कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक मऊ मानिकपुर अविनाशचन्द्र द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि डीएम पुलकित गर्ग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया तथा मोहना नदी के जीर्णोद्धार कार्य में श्रमदान कर जनभागीदारी का संदेश दिया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि डीएम पुलकित गर्ग जनपद में आगमन के पश्चात लगातार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ संपादित करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मोहना नदी का जीर्णोद्धार कार्य जिला खनिज फाउंडेशन की लगभग 74 लाख रुपये की धनराशि से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण एक सामाजिक दायित्व है तथा इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। गोइयां खुर्द क्षेत्र की नदी के जीर्णोद्धार के संबंध में भी डीएम के साथ चर्चा की गई। इस संबंध में पत्राचार किया जा रहा है। डीएम पुलकित गर्ग ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गत माह निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई थी कि मोहना नदी की कई वर्षों से सफाई नहीं हुई है। जिसके कारण यह नदी विलुप्त होने की स्थिति में पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनपद की नदियों की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है। डीएम ने बताया कि लगभग 15 किमी लंबी इस नदी का जीर्णोद्धार जिला खनिज फाउंडेशन के माध्यम से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खुदाई से निकलने वाली मिट्टी किसानों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है। डीएम ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने, तालाबों में जल संचयन करने तथा तालाबों के जीर्णोद्धार में भी सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अमित कुमार पाण्डेय एवं शैलेश शुक्ला द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम मऊ आरआर रमन, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीके मिश्रा, प्रभारी बीडीओ संजय पाण्डेय सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# टीईटी : दूसरे दिन 4272 में 4081 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 191 रहे नदारद

**-जिले के चारों परीक्षा केन्द्रों का प्रशासनिक अधिकारियों ने किया आकस्मिक निरीक्षण**

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा दूसरे दिन भी सकुशल संपन्न हो गई। अभी यह परीक्षा 4 जुलाई को प्रथम पाली में जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा में कुल 10,860 अभ्यर्थी पंजी.त हैं। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों सहित ड्यूटी में लगे सभी लोगों से साफ तौर पर कहा है कि शासन की मंशानुरूप नकल विहीन टेट की परीक्षा संपादित होनी चाहिए। इसके लिए जो भी शासन के दिशा निर्देश हैं उनका शत् प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिले में चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी, जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी, सेठ राधा .ष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि दूसरे दिन प्रथम पाली में पंजी.त 2136 में 2057 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 79 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में पंजी.त कुल 2136 में 2024 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल रहे। जबकि 112 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में केंद्र व्यवस्थापक डॉ रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि नकल बिहीन परीक्षा संपादित कराने के लिए पूर्व से ही निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। एडीएम चंद्रशेखर, अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकांत राय, कोतवाल दुर्गविजय सिंह, सीओ सिटी सत्येंद्र पटेल, केंद्र सुरक्षा प्रभारी आशुतोष तिवारी भी मुस्तैदी से लगे रहे। कोई भी गलत अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में नहीं पहुंच पाया इस बार तो ड्यूटी में लगे कक्ष निरीक्षकों की भी बायोमेट्रिक जांच हुई। दूसरे दिन दोनों पालियों में पंजी.त 4272 में 4081 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 191 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे।

# कानूनी सहायता के लिए पात्र बंदियों को चिन्हित करें न्याय रक्षक : सचिव

चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी ने लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम में कार्यरत अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बताया कि बैठक का उद्देश्य आपराधिक मामलों में पात्र व्यक्तियों को मुत और गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता प्रदान करना है। मुख्य रूप से विचाराधीन बन्दियों से सम्बन्धित मामलों की समीक्षा, कानूनी रणनीति, और कमजोर वर्गों को सुलभ न्याय सुनिश्चित करने, यूटीआरसी कैम्पेन की तृतीय चरण को सफल बनाने पर चर्चा की गयी। सचिव ने समस्त न्याय रक्षको को यह भी निर्देशित किया कि जिला कारागार में विजिट कर जेल अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर पात्र बन्दियों को चिन्हित करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य न्याय रक्षक गया प्रसाद निषाद, उप मुख्य न्याय रक्षक चन्द्रपाल, शिवशंकर उपाध्याय, सहायक न्याय रक्षक कुलदीप सिंह, योगेन्द्र सिंह, स्वाती तिवारी मौजूद रहे। इसके अलावा न्याय रक्षकों को 21, 22 व 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

# आकाशीय बिजली गिरने से पति की मौत, पत्नी घायल

चित्रकूट। खेत में काम कर रहे किसान दम्पति आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गए। घटना से चीखपुकार मच गई। आनन फानन जिला अस्पताल लाए। जहां पति की मौत हो गई। पत्नी को उपचार दिया जा रहा है।ये घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के हनुवा के कहारन पुरवा निवासी होरीलाल (45) पुत्र गलजार रैकवार, पत्नी चुनुबिट्टी (40) के साथ खेत में शुक्रवार को अपरान्ह करीब तीन बजे काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दम्पति चपेट में आकर झुलस गए। मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना दिया। आनन फानन दोनो को जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने होरीलाल को मृत घोषित कर दिया। पत्नी का इलाज जारी है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के दो पुत्र, दो पुत्री हैं। बटाई पर खेत लेकर मृतक गुजारा करता था।

# पंजीकरण के बाद मिलेंगे अनेक कल्याणकारी लाभ

आजमगढ। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के उपरांत श्रमिक बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन कर नियमानुसार लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में बोर्ड द्वारा मुख्य रूप से 07 कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत पंजीकरण के एक वर्ष बाद प्रथम दो प्रसव पर पुरुष श्रमिक को 6 हजार रुपये तथा महिला श्रमिक को तीन माह के न्यूनतम वेतन के समतुल्य सहायता राशि प्रदान की जाती है। पुत्र जन्म पर 20 हजार रुपये तथा पुत्री जन्म पर 25 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। प्रथम एवं द्वितीय बालिका के जन्म पर 25 हजार रुपये तथा दिव्यांग बालिका के लिए 50 हजार रुपये की सावधि जमा की सुविधा भी उपलब्ध है।संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत श्रमिकों के अधिकतम दो बच्चों को कक्षा 1 से स्नातकोत्तर स्तर तक अध्ययन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को विद्यालय आने–जाने के लिए एक बार साइकिल खरीदने हेतु सब्सिडी भी उपलब्ध कराई जाती है।अटल आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत तीन वर्ष की सदस्यता पूर्ण करने वाले अद्यतन पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को प्रवेश की पात्रता प्राप्त होती है। साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) से आच्छादित कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चे भी इस योजना के पात्र हैं।कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकरण के एक वर्ष बाद पात्र निर्माण श्रमिकों की अधिकतम दो पुत्रियों अथवा पंजीकृत महिला श्रमिक को सामान्य विवाह पर 65 हजार रुपये, अंतरजातीय विवाह पर 75 हजार रुपये तथा सामूहिक विवाह पर 85 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है।गंभीर बीमारी सहायता योजना के तहत सरकारी, स्वायत्तशासी अथवा ‟।ब्ैण् इम्पैनल्ड चिकित्सालयों में उपचार कराने पर आयुष्मान भारत योजना के समतुल्य सहायता राशि प्रतिपूर्ति के रूप में उपलब्ध कराई जाती है।निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत दुर्घटना अथवा सामान्य मृत्यु की स्थिति में आश्रितों को मासिक आर्थिक सहायता एवं एकमुश्त अनुदान दिया जाता है।

# अधिक शराब पीने से युवक की मौत

चित्रकूट। शराब पीने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजा है।ये मामला मऊ थाना क्षेत्र के बबुरी रोड मऊ मे बीती देर शाम का है। बताया गया कि गोलू (30) पुत्र नारायण निषाद ने गुरुवार की शाम शराब का अत्याधिक सेवन कर लिया था। जिस वजह से उसकी तबियत खराब हो गई। जब उसके भाई पिंटू को जानकरी हुई तो उसे मऊ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गया। जंहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकरी मऊ थाना पुलिस को हुई तो शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए मर्चरी भेजा है। मृतक के भाई पिंटू ने बताया कि बीते दिनों गोलू की पत्नी माया अपने पति से विवाद कर मायके रगौली चली गई थी। गोलू उसे लेने के लिए अपनी ससुराल गया था पर वह उसके साथ आने को तैयार नही हुई तो गुरुवार को गोलू अपने घर मऊ आ गया था। जिससे क्षुब्ध होकर शराब पी लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया कि घटना की जानकरी मृतक की पत्नी को हुई तो वह अपनी ससुराल आ गई। जंहा वह ससुरालीजनों को झूठे मुकदमे मे फसाने की धमकी दे रही है। जिस वजह से गोलू का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के एक पुत्र दिनेश है। वही मऊ थाना प्रभारी से बात की गई तो उनका कहना था कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थितिया साफ होगी।

# मासूम की मौत

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के कौहारी गांव निवासी राममनोहर यादव का तीन माह के पुत्र राजाभइया की शुक्रवार की सुबह अचानक तबियत खराब होने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाये। जंहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# करंट से मजदूर झुलसा, भर्ती

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के लौढ़िया गांव निवासी चंदन (28) पुत्र भोला मुख्यालय के मछली मंडी मे मजदूरी करने आया था। एक घर मे लेंटर डालने के लिए लोहे की सरिया ऊपर छत मे चढ़ा रहा था। तभी छत के ऊपर से निकली एचटी विद्युत तार से लोहे की सरिया टकरा गई। जिससे उसे करंट लग गया। जब अन्य मजदूरों ने देखा तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। जंहा उपचार चल रहा है।

# बाइक से गिरी महिला घायल

चित्रकूट। चलती बाइक से गिर कर महिला घायल हो गई। कर्वी कोतवाली क्षेत्र की लौढ़िया गांव निवासी फूला देवी (45) पत्नी भोला प्रसाद अपने पति के साथ शुक्रवार की दोपहर मुख्यालय से घर बाइक से जा रही थी। तभी रास्ते मे अचानक उसे चक्कर आ जाने से वह चलती बाइक से गिर कर घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जंहा उपचार चल रहा है।

# जहरखुरानो ने रेल यात्री को बनाया शिकार

चित्रकूट। भाई से मिलने बिहार से इंदौर जा रहे युवक को जहरखुरानो ने अपना शिकार बना लिया। जहरीली चाय पिला कर उसका मोबाइल, पर्स, बैग लूट कर बेहोशी हालत मे स्टेशन के बाहर छोड़ कर भाग गये। जिसे बेहोशी हालत मे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।बिहार के कुराड़ी कला शिवान निवासी राजन राज कुशवाहा (35) पुत्र जगदीश प्रसाद बिहार मे रह कर मजदूरी करता है। अपने भाई से मिलने गुरुवार को इंदौर जा रहा था। मझगाँव से मानिकपुर जैसे ही ट्रेन चली तो उसे जहरखुरानो ने जहरीला चाय पिला दी और उसका बैग मोबाइल पर्स लूट कर उसे मानिकपुर स्टेशन के बाहर छोड़ कर भाग गये। जंहा उसे एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। जंहा उपचार चल रहा है।

# छह जुलाई को संपूर्ण समाधान दिवस

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने बताया कि 2, 3 व 4 जुलाई को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रस्तावित होने के .ष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस को 4 जुलाई शनिवार के स्थान पर 6 जुलाई सोमवार को आयोजित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। आगामी सोमवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में सभी सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी समय से प्रतिभाग कर जन समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# एडीएम अरुण कुमार यादव का स्वागत करते ग्रामीण।

चित्रकूट। एडीएम न्यायिक अरुण कुमार यादव की अध्यक्षता में सदर ब्लाक की ग्राम पंचायत डिलौरा मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। ग्रामीणो की समस्याओ का मौके पर निस्तारण किया गया। चौपाल में उपस्थित ग्राम सचिव द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धवस्था पेशन योजना आदि योजनाओ के बारे में ग्रामवसियों को बताया गया। ग्रामीणो द्वारा अवगत कराया गया कि बरसात के मौसम में ग्राम में गंदगी ज्यादा फैलती है तथा साफ सफाई कराये जाने को कहा गया। खण्ड विकास अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया गया कि ग्राम में गंदगी पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा जहाँ भी गंदगी फैली नजर आये वहाँ तत्काल साफ सफाई कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही ग्राम में लगे सफाईकर्मी को निर्देशित करे कि प्रतिदिन सफाई करें। ग्रामवासियों को भी बताया गया कि अनावश्यक गंदनी न फैलाये। इस मौके पर बीडीओ महिमा विद्यार्थी, एडीओ पंचायत धर्मेन्द्र कुमार यादव, अशोक कुमार वर्मा राजस्व लेखपाल, रामभरोस ग्राम सचिव, एएनएम, आशा, आंगनवाडी कार्यकत्री, कोटेदार सहित अन्य कर्मचारी, ग्राम प्रधान व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# चार शिकायतें आई, योजनाओं की दी जानकारी

चित्रकूट। ग्राम पंचायत सेमरा में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी, अजयपाल सिंह की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया

# सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निस्तारण हेतु 21 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत, पक्षकारों से सहभागिता की अपील

आजमगढ़ (आर एन एस)सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आजमगढ़ नितिका राजन द्वारा बताया गया कि न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर–घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह, 2026 का आयोजन 21 अप्रैल, 2026 से आरम्भ किया गया है, जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त, 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी।विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा, जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित मामले शामिल किये जायेगे। विशेष लोक अदालत से पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्यधजिलाध्तालुकाध्उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणध्समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है।सम्मानित अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी सम्बन्धित पक्षों से इस अभियान में सकिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है। समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया जायेगा। पक्षकार इन सुलह–प्रयास हेतु बैठकोंध्वार्ताओं में व्यक्तिगत अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं।पक्षकार अपने मामले (जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित है) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में शामिल करने हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त गूगल फार्म पर सबमिट कर सकते हैं।इस वास्ते गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। इस गूगल फॉर्म को भरना अत्यन्त सरल है। इस भरकर अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत)

# खुशाली कुमार की 'दुल्हनिया ले आएगी का फर्स्ट लुक आया सामने, 24 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस खुशाली कुमार इन दिनों अपनी नई फिल्म श्दुल्हनिया ले आएगीय को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. हाल ही में फिल्म का पहला लुक सामने आया है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं. खुशाली ने खुद बताया है कि इस फिल्म में उनका रोल कितना अलग और उनके दिल के करीब है. वहीं फिल्म के डायरेक्टर का भी कहना है कि इस बार दर्शकों को एक बिल्कुल अनोखी दुल्हन देखने को मिलने वाली है.

खुशाली कुमार ने बताया कि जब उन्होंने इस फिल्म की कहानी सुनी, तो उन्हें तुरंत लगा कि यह रोल उन्हीं के लिए बना है. उन्होंने कहा, मेरा यह किरदार कोई आम या सीधी–सादी दुल्हन जैसा नहीं है. वह बहुत मजबूत लड़की है, जो अपने फैसले खुद लेती है. वह निडर है, दिल की साफ है और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती है. खुशाली का मानना है कि इस किरदार में कई रंग हैं, जो फिल्म आगे बढ़ने के साथ दर्शकों को ध ीरे–धीरे समझ आएंगे.डायरेक्टर ने क्या कहा? फिल्म के डायरेक्टर आकाशदित्य लामा ने बताया कि श्दुल्हनिया ले आएगीय एक ऐसी फिल्म है, जो आज के जमाने के परिवारों, रिश्तों और उनकी उलझनों को बड़े ही मजेदार और कॉमिक अंदाज में दिखाएगी. डायरेक्टर के मुताबिक, फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी इसकी दुल्हन ही है. उसमें गजब का कॉन्फिडेंस है, थोड़ी शरारत है और वह दर्शकों को बार–बार सरप्राइज करेगी. यह फिल्म हर उम्र के लोगों को पसंद आएगी क्योंकि इसमें हंसी भी है और इमोशन भी.फिल्म के पहले पोस्टर की बात करें तो उसमें खुशाली कुमार दुल्हन के जोड़े में नजर आ रही हैं. कमाल की बात यह है कि लहंगे के साथ उन्होंने आंखों पर काला चश्मा लगाया हुआ है. उनका यह कूल अंदाज साफ बताता है कि यह दुल्हन कितनी बिंदास और हटकर होने वाली है. अगर आप भी इस अनोखी दुल्हन की कहानी देखना चाहते हैं, तो ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा. यह मजेदार फिल्म 24 जुलाई को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.



# आवारापन 2 का टीजर हुआ जारी, इमरान हाशमी की गैंगस्टर शिवम के रूप में हुई वापसी

सीरियल किसर इमरान हाशमी स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म आवारापन 2 का टीजर जारी हो गया है. टीजर में अभिनेता इमरान हाशमी अपने 19 साल पुराने उलझे हुए किरदार शिवम पंडित के रूप में वापसी कर रहे हैं. यह टीजर फैंस को सीक्वल में गैंगस्टर दुनिया की एक झलक दिखाता है, जो काफी जोखिम भरी और रोमांचक है. एक्स हैंडल पर आवारापन 2 के टीजर की जमकर तारीफ हो रही है और लोगों को 19 साल पुराना शिव पंडित का दौर याद आ गया है. फिल्म में दिशा पटानी और दिग्गज अदाकारा शबाना आजमी को दमदार खलनायिका नफीसा के रूप में दिखाया गया है, जो आंखों में कई रहस्य लिए नजर आती हैं. नितिन कक्कड़ के निर्देशन में बनी फिल्म के टीजर में एक्शन और इमोशनल सीन दिख रहे हैं. सीक्वल के टीजर ने साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म के भावनात्मक मोड़ को पकड़े रखा है.

बता दें, इस कल्ट हिट फिल्म की रिलीज के 19 साल पूरे होने के मौके पर जारी किए गए टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है. टीजर की शुरुआत इमरान के किरदार शिवम के अपने अतीत की दर्दनाक यादों को याद करने से होती है. इसके बाद हमें एक दमदार स्ट्रीट फाइटर के रूप में उनकी हाथापाई और गैंगस्टरों से लड़ते हुए झलकियां देखने को मिलती हैं, जबकि शबाना का इंटेंस लुक नजर आता है. दिशा का रहस्यमयी किरदार वायलिन बजाते हुए दिखाया गया है. टीजर इमरान हाशमी के इस डायलॉग के साथ खत्म होता है, इस बार या तो ये आवारापन खत्म होगा या मैं.इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन 2 का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है. इमरान हाशमी इस बार शिवम पंडित के रोल में और भी ज्यादा जान डालते नजर आ रहे हैं. एक यूजर ने टीजर में इमरान हाशमी के एंट्री सीन पर लिखा है, अब तक सबसे धांसू एंट्री सीन. दूसरे यूजर ने टीजर का बैकग्राउंड म्यूजिक दमदार बताया है. एक और लिखता है, टीजर देखकर तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए. सोशल मीडिया पर आवारापन 2 के टीजर की तारीफ की झड़ी लग चुकी है.फिल्म की कहानी बिलाल सिद्दीकी ने लिखी है. विशेष भट्ट की फिल्म एक दिल को छू लेने वाले संगीत के साथ लौट रही है, जिसमें मिथुन और सईद कादरी ने फैंस के पसंदीदा गानों तो फिर आओ और तेरा मेरा रिश्ता को नए अंदाज में पेश किया है. साथ ही कुछ नए गाने भी शामिल किए हैं. फिल्म की शूटिंग बैंकॉक के साथ–साथ भारत के कई हिस्सों में हुई है, जिसमें राजस्थान भी शामिल है. फिल्म 14 अगस्त, 2026 को वर्ल्डवाइघ्ड सिनेमाघरों में रिलीज होगी.




# विक्रांत मैसी लेकर आ रहे मुसाफिर कैफे, सीरीज की रिलीज तारीख का हुआ ऐलान

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता विक्रांत मैसी ने अपने प्रोडक्शन हाउस होममेड स्टोरीज के नाम की आधिकारिक एलान कर अपने रचनात्मक सफर में एक नए अध याय की शुरुआत की है. इसके साथ ही उन्होंने इस बैनर की पहली पेशकश मुसाफिर कैफे का टीजर भी जारी किया और यह घोषणा की कि यह रोमांटिक ड्रामा 24 जुलाई 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रीमियर होगा. इस एलान के साथ दर्शकों को पहली बार उन भावनात्मक और दिल को छू लेने वाली कहानियों की झलक मिली है, जिन्हें यह नया बैनर बड़े पर्दे और डिजिटल माध यम पर लेकर आने का लक्ष्य रखता है.

ऐसे समय में, जब भारतीय सिनेमा पर एक्शन, क्राइम थ्रिलर और भव्य मनोरंजक फिल्मों का दबदबा है, विक्रांत मैसी ने अलग राह चुनने का फैसला किया है. मुसाफिर कैफेय के माध्यम से वह रोमांस और मानवीय भावनाओं को फिर से केंद्र में ला रहे हैं. यह फिल्म इस विश्वास को मजबूत करती है कि सादगी और ईमानदारी से कही गई कहानियां सबसे गहरी छाप छोड़ती हैं.विक्रांत मैसी ने अपने अभिनय करियर में हमेशा कंटेंट–आधारित फिल्मों को प्राथमिकता दी है और अपने दमदार अभिनय से दर्शकों और समीक्षकों का भरोसा जीता है. राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित उनका सफर सार्थक और संवेदनशील कहानियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है. ऐसे में निर्माता के रूप में उनका यह नया कदम पूरी तरह स्वाभाविक और प्रेरणादायक माना जा रहा है.

श्मुसाफिर कैफेय का शीर्षक अपने आप में अपनापन, यादों की गर्माहट और भावनाओं से भरे एक खूबसूरत सफर का एहसास कराता है, जो होममेड स्टोरीज की पहली पेशकश के लिए बिल्कुल उपयुक्त है. अपने नए प्रोडक्शन हाउस और इसकी पहली फिल्म के साथ दिल को छू लेने वाली कहानियों के लिए एक नई पहचान भी बना




विक्रांत मैसी न सिर्फ अपनी रचनात्मक सीमाओं का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि संवेदनशील, रहे हैं. ऐसे दौर में, जब बड़े पैमाने की कहानियां सिनेमा पर हावी हैं,

# काकटेल 2 का दुनियाभर में तहलका, कोविड एरा के बाद शाहिद की बनी ऐसा करने वाली पहली फिल्म

होमी अदजानिया निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म कॉकटेल 2 को यूं तो क्रिटिक्स से मिक्स्ड रिव्यू मिले थे लेकिन इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. सिनेमाघरों में रिलीज के दो हफ्तों में इस पिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया है. यहां तक कि अक्षय कुमार की नई रिलीज वेलकम टू द जंगल के आगे भी ये टस से मस नहीं हुई और इसी के साथ ये हर दिन करोड़ों छाप रही है. वहीं इस फिल्म ने अब वर्ल्डवाइड शाहिद कपूर के करियर का एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना दिया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, कॉकटेल 2 ने रिलीज के 13 दिनों में दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 151.13 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई की है. इसने भारत में 94.21 करोड़ रुपये की नेट कमाई की, जो ग्रॉस में 111.16 करोड़ रुपये होती है. बाकी 40.15 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई इसने ओवरसीज मार्केट से जुटाई है.

इसी के साथ शाहिद कपूर स्टारर ये फिल्म इस साल की दुनिया भर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौथी बॉलीवुड फिल्म बन गई है. हालांकि, इसकी यह जगह खतरे में है क्योंकि अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल इसका पीछा कर रही है और और आने वाले वीकेंड में वो कॉकटेल 2 को मात दे देगी.

कॉकटेल 2 शाहिद के करियर के लिए भी एक बड़ी सक्सेस साबित हुई है. दरअसल ये फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को पीछे छोड़ते हुए कोविड के बाद एक्टर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है.. इतना ही नहीं ये एक्टर की कोविड एरा के बाद 150 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली पहली फिल्म भी बन गई है.

वहीं पहले से वेलकम टू द जंगल से मुकाबला कर रही इस फिल्म को अब बॉक्स ऑफिस पर आलिया की नई रिलीज अल्फा से भी टक्कर मिलेगी. ऐसे में देखने वाली बात होगी कि अपने तीसरे वीकेंड पर कॉकटेल 2 कितनी कमाई कर पाती है.कॉकटेल 2 सिनेमाघरों में 19 जून को रिलीज हुई थी. फिल्म को होमी अदजानिया ने निर्देशित किया है और इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना ने लीड रोल प्ले किया है.




# मुंबई की लोकल ट्रेन में गुजरे मेरे संघर्ष के दिन रिद्धि डोगरा

रिद्धि डोगरा उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्हें सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में काम किया। ट्रेनों में सफर करने के दिनों को याद किया। उन्होंने उन मुश्किलों का जिक्र किया, जिनका उन्होंने सामना किया और उस दृढ़ संकल्प थी और बड़ी दुनिया में पढ़ने, घूमने–फिरने, जीने और सीखने के लिए उत्सुक थी। इसीलिए, मैंने मुंबई को चुना। यह एक करती थी। पहले कॉलेज जाती, फिर अपनी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की नौकरी पर जाती। मैं पूरा समय ट्रेन की खिड़की से



अच्छी एक्टिंग की वजह से उन्हें शाहरुख खान जैसे बिग स्टार के साथ काम करने का मौका मिला। अभिनेत्री की खास बात यह है कि वह आज सफल हैं। लेकिन, उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को याद रखा है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए भीड़–भाड़ वाली लोकल के बारे में बताया, जिसने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनके रास्ते को आकार दिया। रिद्धि ने लिखा कि मुझे हमेशा से जुलाई का महीना पसंद रहा है। इन तस्वीरों ने जुलाई के पुराने दिनों की यादें ताजा कर दीं। जुलाई 2005 में मेरी मुंबई की कहानी शुरू हुई थी। कॉलेज से नई–नई निकली ऐसा शहर है, जो अनजाने में मुझे लंबे समय से बुला रहा था। मुझे इस शहर की हलचल भरी जिंदगी और आकर्षण में सुकून मिलता है।रिद्धि डोगरा ने लिखा कि लोकल ट्रेनें मेरी सबसे पसंदीदा जगह बन गई थीं। 2005 से 2007 के बीच मैं एक ही दिन में कई तरह के वाहनों से सफर बाहर देखते हुए और अपने भविष्य के सपनों के बारे में सोचते हुए मुस्कुराती रहती थी। मुझे पूरा यकीन था कि मेरा भविष्य बहुत शानदार होने वाला है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि मैं अपनी किस्मत की खुद मालिक थी। आज जिसे हम विजुअलाइजेशन और मैनिफेस्टेशन कहते हैं,

# लॉस एंजिल्स में भाषा से जुड़ी चुनौतियों पर बोलीं सना सईद, सुना जाना सबसे जरूरी होता है

सुपरहिट फिल्म कुछ कुछ होता है में शाहरुख खान की बेटी अंजलि का किरदार निभाकर लोगों के दिलों में जगह बनाने वाली अभिनेत्री सना सईद ने सोशल मीडिया पर अपना एक अनुभव साझा किया। दरअसल, उन्होंने विदेश में रहने के दौरान भाषा, उच्चारण और संवाद से जुड़ी कठिनाइयों के बारे में खुलकर बात की। सना सईद आज लॉस एंजिल्स में रहती हैं और अपने करियर और जीवन को नए तरीके से आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने अमेरिका पहुंचने के शुरुआती दिनों का एक दिलचस्प अनुभव बताया। सना ने बताया, साल 2016 में मैं पहली बार पढ़ाई के लिए लॉस एंजिल्स आई थी। इस दौरान मुझे रोजमर्रा की छोटी–छोटी बातों में भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मुझे याद है कि एक बार मैं एक रेस्टोरेंट में गई थी और वहां पानी पीना चाहती थी लेकिन मेरा उच्चारण वहां के लोगों को ठीक से समझ नहीं आया। मैंने कई बार वॉटर कहा, लेकिन रेस्टोरेंट वाला अलग–अलग चीज समझता रहा और यहां तक कि सोडा या कोक तक ऑफर करने लगा।

उन्होंने आगे कहा, उस दिन मुझे एहसास हुआ कि अगर मुझे अमेरिका में लंबे समय तक रहना है, तो मुझे अपने बातचीत करने के तरीके पर काम करना होगा, क्योंकि सुना जाना सबसे जरूरी है। इसके बाद मैंने अपने उच्चारण और बोलने के तरीके पर ध्यान देना शुरू किया और इसके लिए ट्रेनिंग भी ली।

सना ने बताया कि यह प्रक्रिया आसान नहीं थी। किसी नए देश में जाकर वहां की भाषा के अनुसार खुद को ढालना बिल्कुल एक नई भाषा सीखने जैसा होता है। इसमें समय, मेहनत और लगातार अभ्यास की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, कई लोग सोचते हैं कि उच्चारण बदलना बहुत आसान है, लेकिन असल में इसके पीछे बहुत मेहनत और आत्मविश्वास की जरूरत होती है।उन्होंने कहा, मुझे इस बात से परेशानी होती है कि लोग अक्सर किसी के उच्चारण का मजाक उड़ाते हैं या उसे गलत समझते हैं। हर व्यक्ति का बोलने का अपना तरीका होता है, जो उसकी संस्कृति और पृष्ठभूमि से जुड़ा होता है। इसलिए किसी के उच्चारण को लेकर नकारात्मक टिप्पणी करना सही नहीं है। सना ने अपने वीडियो में कहा, मेरे लिए संवाद करना सिर्फ बोलना नहीं है, बल्कि अपने विचारों को सही तरीके से दूसरों तक पहुंचाना है।



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।